www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 245 । भोपाल, मंगलवार 5 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

एशियन गेम्स में मप्र के 43 खिलाड़ी करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व पृष्ठ 3

▪ संसद का विशेष सत्र या संसदीय व्यवस्था से सनकी खिलवाड़
▪ विपक्ष पर हावी होने की रणनीति अपना रहे प्रधानमंत्री मोदी पृष्ठ 4

▪ वन अमले की 3 जगह कार्रवाई, सागौन की तस्करी करते पकड़ाए आरोपी पृष्ठ 6

कांग्रेस की असली ताकत कार्यकर्ता पृष्ठ 8

### एडीआर की रिपोर्ट में सामने आई जानकारी

# कोरोना काल में लोग गरीब हुए, राजनीतिक दल अमीर

- 1 साल में 1531 करोड़ बढ़ी संपत्ति
- भाजपा है सबसे अमीर दल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2020–21 और 2021–22 में भले ही कोरोना महामारी के चलते लगे लॉकडाउन के बाद रोजगार जाने या फिर फिर वेतन में कटौती के चलते लोगों की आय घटी हो, लेकिन इसी अवधि के दौरान देश के 8 प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों की संपत्ति में जोरदार उछाल देखने को मिली है। 2020–21 में इन 8 राजनीतिक दलों की संपत्ति 7297.618 करोड़ रुपए थी जो अगले ही वर्ष 2021–22 में बढ़कर 8829.158 करोड़ रुपये पर जा पहुंची। यानि केवल एक वर्ष में इन दलों की संपत्ति में 21 फीसदी के करीब बढ़ गई।

चुनाव सुधारों को लेकर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रैटिक रिफॉर्म्स ने ये आंकड़े जारी किए हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में 2020–21 और 2021–22 के दौरान 8 राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संपत्ति और देनदारी की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट जारी की है। इन 8 राजनीतिक दलों में बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी, बीएसपी, सीपीआई, सीपीआईएम, टीएमसी और एनपीईपी शामिल है।

### भाजपा की 6046.81 करोड़ है संपत्ति

एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 2020–21 में भजपा ने कुल 4990.195 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी जो एक वर्ष बाद 2021–22 में 21.7 फीसदी के उछाल के साथ 6046.81 करोड़ रुपए हो गई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2020–21 में 691.11 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी जो 2021–22 में 16.58 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 805.68 करोड़ रुपए हो गई।

### बसपा की संपत्ति में आई गिरावट

एडीआर के रिपोर्ट के मुताबिक बहुजन समाज पार्टी एक मात्र राष्ट्रीय दल है जिसकी संपत्ति में इस दौरान गिरावट देखने को मिली है। 2020–21 में बीएसपी की कुल संपत्ति 732.79 करोड़ रुपए थी जो 2021–22 में घटकर 690.71 करोड़ रुपए हो गई। टीएमसी की संपत्ति 2020–21 में 182.001 करोड़ रुपए थी जो 2021–22 में 151.70 फीसदी के उछाल के साथ 458.10 करोड़ रुपए हो गई।

### कांग्रेस ने घोषित की चुनाव समिति

# खड़गे, सोनिया व राहुल गांधी समेत 16 नेताओं को जगह





**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने अगले लोकसभा चुनाव और उससे पहले कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस ने अपनी चुनाव समिति की घोषणा की है, जिसमें 16 नेताओं के नाम शामिल हैं। कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है। मुंबई में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी दलों ने एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया था।

### इन नेताओं को मिली जगह

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा इस समिति में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अम्बिका सोनी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, टी एस सिंह देव, के जे जियोग्रे, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, अमी याज्ञनिक, पीएल पुनिया, ओंकार मरकाम और के सी वेणुगोपाल शामिल हैं।

### मप्र से मरकाम भी शामिल

### 16 को हैदराबाद में नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

पांच दिन के संसद के विशेष सत्र से ठीक पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक 16 सितम्बर को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बुलाई है। वहीं अगले दिन 17 सितम्बर को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक भी होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहाकि पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। इसके अगले दिन 17 सितम्बर को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई है। इसमें सीडब्ल्यूसी के सदस्यों के अलावा सभी राज्यों के कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल होंगे। उन्होंने कहाकि 17 सितम्बर की शाम को हैदराबाद के पास ही एक रैली आयोजित की जाएगी।

## सार-समाचार

### दादाभाई नौरोजी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महान स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दादाभाई नौरोजी की 198वीं जयंती पर उन्हें संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और कई संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने दादाभाई नौरोजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह भी शामिल थे।

### शाह आज मंडला व श्योपुर आएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मप्र के मंडला और श्योपुर में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे। वे दोनों स्थानों पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाह मंगलवार सुबह 11.40 बजे जबलपुर विमानतल पर पहुंचेंगे। वे वहां से रवाना होकर 12.20 बजे मंडला पहुंचेंगे। शाह दोपहर 12.25 बजे जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ कर जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह 4.40 बजे श्योपुर पहुंचकर जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे एवं जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मप्र में बारिश की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान प्रायद्वीपीय भारत, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में सक्रिय मानसून की स्थिति जारी रहने की संभावना है, वहीं मध्य प्रदेश में मंगलवार से शुक्रवार के दौरान और गुजरात में गुरुवार और शुक्रवार को भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वी भारत में मौसम का पूर्वानुमान हल्की से व्यापक वर्षा की संभावना का संकेत देता है।

### सोनिया को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हल्के बुखार के कारण पिछले दो दिनों से सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को सोमवार को छुट्टी दे दी गई। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, 18 से 22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र की रणनीति पर चर्चा के लिए सोनिया गांधी मंगलवार को अपने आवास पर सीपीपी संसदीय रणनीति समूह की बैठक करेंगी।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में मुठभेड़, आतंकी ढेर

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले के चसाना के तुली इलाके में गली सोहब में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच चल रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सेना द्वारा चलाया जा रहा यह एक संयुक्त अभियान है।

### ड्रग तस्कर के 2 बैंक खाते फ्रीज

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बांदीपोरा जिले में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक कुख्यात ड्रग तस्कर के दो बैंक खाते फ्रीज किए। पुलिस ने कहा कि अशाम हाजिन निवासी इराहाद अहमद नामक कुख्यात ड्रग तस्कर के तीन लाख से अधिक रुपए की बचत वाले दो बैंक खाते एनडीपीएस अधिनियम के तहत फ्रीज कर दिए गए हैं। आरोपी का एक ऑटो लोड कैरियर भी जब्त कर लिया गया, जिसकी कीमत करीब 32 हजार रुपए है। बांदीपोरा पुलिस ने कहा कि जब्त राशि नशीली दवाओं की बिक्री के माध्यम से अवैध रूप से अर्जित की गई थी।

### मुख्यमंत्री ने ओरछा में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया

# महाकाल की तर्ज पर बनेगा रामराजा लोक



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओरछा में श्री रामराजा मंदिर परिसर में श्री रामराजा लोक का भूमि–पूजन किया और निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उज्जैन बदल गया श्री महाकाल लोक से और अब ओरछा बदलेगा श्री राम राजा लोक से। भगवान श्री राम की नगरी ओरछा में 81 करोड़ की लागत से श्री रामराजा मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र मिलाकर श्री राम राजा लोक का भव्य निर्माण होगा। उल्लेखनीय है कि निवाड़ी जिले में विश्व धरोहर ओरछा का प्रमुख केन्द्र श्री रामराजा मंदिर है। इसका निर्माण तत्कालीन बुन्देला शासकों ने किया था।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनों का आत्म–विश्वास और आत्म–सम्मान बढ़ा है। इस माह की 10 तारीख को बहनों के खातों में ग्वालियर से एक–एक हजार रूपए डाले जाएंगे। अक्टूबर माह से बहनों को प्रतिमाह 1250 रूपए उपलब्ध कराए जाएंगे। इस राशि को क्रमबद्ध रूप से तीन हजार रूपए तक बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बहनों को स्व–सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बहनों द्वारा किए जा रहे कार्यों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। अब प्रदेश में टोल नाकों का संचालन भी बहनें कर रही हैं और इसके संचालन से होने वाली आय का 30 प्रतिशत बहनों को दिया जा रहा है। बहनों को राशि उपलब्ध कराने के साथ ही किसानों को भी प्रधानमंत्री श्री मोदी और राज्य सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जा रही है। पिछली सरकार द्वारा कई जन–कल्याणकारी योजनाएँ बंद कर दी गई थीं। केन और बेतवा नदियों को जोड़ने की दिशा में कार्य जारी है। इस परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत को पानी मिलेगा।

केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रदेशवासियों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए उठाए गए कदमों और धार्मिक पुर्नउत्थान के कार्यों की प्रशंसा की। अब बिहार की बहनें भी लाड़ली बहना योजना लागू करने की मांग कर रही हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज में विश्वास के भाव का संचार हुआ है।

### निवाड़ी बना प्रदेश का दूसरा हर घर जल जिला

श्री चौहान ने पृथ्वीपुर में 11 करोड़ 83 लाख की लागत के सिविल अस्पताल, 21 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत के जेरोर और ओरछा स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास, 280 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से निर्मित 5 विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा तरिचरकलां को नगर परिषद बनाया जाएगा।

### बारिश के लिए महाकाल की शरण में पहुंचे शिवराज, अधिकारियों से कहा-

## बांधों से पानी छोड़ बचाई जा सकती हैं फसलें, जहां से मिले वहां से बिजली लें



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में अल्पवर्षा के कारण निर्मित हुई सूखे की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा अर्चना की और अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि आमजन और किसानों की सेवा करने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ी जाएगी, वर्तमान में जो स्थितियां हैं, उसकी समीक्षा के लिए बीते रोज अधिकारियों के साथ बैठक की है और यह भी निर्देश दिए हैं कि बांधों से पानी छोड़कर जो फसलें बचाई जा सकती हैं, उन बांधों से पानी छोड़ा जाए। उन्होंने बिजली संकट का एक कारण कम वर्षा को भी बताया और कहा कि वर्षा नहीं होने के कारण बिजली का संकट भी पैदा हो गया है। सावन भादौ में इतनी बिजली की जरूरत नहीं पड़ती थी, क्योंकि ट्यूबवेल नहीं चलते थे, मोटर नहीं चलता था, किसानों को पानी आसानी से मिलता रहता था। पानी की बिजली भी प्रचुर मात्रा में बनती थी। इस समय 8 हजार मेगावाट की जरूरत पड़ती थी लेकिन इस बार 15 हजार मेगावाट बिजली की मांग है, इसलिए मांग और आपूर्ति में अंतर पैदा हो गया। इसलिए कुछ जगह किसानों को कम बिजली मिल पा रही है। श्री चौहान ने कहा कि आधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां से भी बिजली मिल सकती है, वहां से बिजली ली जाए।

### कांग्रेस मनाएगी भारत जोड़ो यात्रा' की वर्षगांठ

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह पैदा हुआ है और इस यात्रा की पहली सालगिरह पर पार्टी सात सितंबर को देशभर में जिला स्तर पर 722 पदयात्राएं आयोजित करेगी जिसमें सभी बड़े नेता हिस्सा लेंगे।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले साल सात सितम्बर को पार्टी नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरु की। देश में किसी भी राजनेता द्वारा की गई यह अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। श्री गांधी की 4081 किलोमीटर लम्बी यह यात्रा 136 दिन तक चली जो 12 राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों, 75 जिलों और 76 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से होते हुए जम्मू–कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' में श्री गांधी ने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया। इस दौरान असंख्य लोगों ने उनसे मुलाकात की और अपनी समस्याएं उनको बताई। कांग्रेस नेता ने यात्रा में बच्चों से लेकर महिलाओं और बुजुर्गों से बातचीत की और विभिन्न वर्ग के लोगों की समस्याएं सुनी। उनका कहना था कि यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सौ से अधिक संगठनों और समूहों के लोगों से बातचीत की। इस दौरान 100 से ज्यादा बैठकें हुई और 13 विशाल जनसभाओं को उन्होंने संबोधित किया। सार्वजनिक बैठकें और 12 प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ–साथ देश भर में अनगिनत बैठकें इस यात्रा का हिस्सा थीं।

### प्रत्याशी चयन के लिए गठित छानबीन समिति में पचौरी, यादव और अजय सिंह को किया शामिल







**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में प्रत्याशी चयन के लिए जितेन्द्र भंवर सिंह की अध्यक्षता में गठित छानबीन समिति में प्रदेश के 3 और नेताओं को शामिल किया गया है। इन नेताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अरुण यादव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह शामिल हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि इन नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव को कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल किए जाने की संभवना जताई जा रही थी, लेकिन विंध्य क्षेत्र से आने वाले पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल को कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल किया गया है। यही नहीं उन्हें चुनाव समिति और छानबीन समिति का सदस्य बनाया गया। पटेल को महत्व दिए जाने से विंध्य के प्रमुख कांग्रेस नेता एवं विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की उपेक्षा किए जाने का संदेश गया था। वहीं श्री पचौरी को टिकट बंटवारे में महत्वपूर्ण भूमिका वाली छानबीन समिति में शामिल न करने से उनकी भी उपेक्षा हुई थी। आसन्न चुनाव को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने इस स्थिति को भांपकर अब इन तीनों नेताओं को छानबीन समिति में शामिल कर महत्व दिया है।

### राहुल नीदरलैंड के विवि में व्याख्यान देंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जो 7 से 11 सितंबर तक तीन यूरोपीय देशों की अपनी यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए तैयार हैं, वे 10 सितंबर को नीदरलैंड के लीडेन विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। पार्टी के एक नेता के मुताबिक, राहुल गांधी 'दुनिया में भारत' विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### जी-20 सम्मेलन : नई दिल्ली इलाके में दवाओं को छोड़ अन्य डिलीवरी सेवाएं बंद रहेंगी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को दिल्ली पुलिस ने साफ किया कि शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली जिले में दवाओं को छोडक़र सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर रोक रहेगी। जी20 शिखर सम्मेलन 9–10 सितंबर को प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में आयोजित होने वाला है।

#### वाणिज्यिक गतिविधियों की नहीं होगी कोई अनुमति

विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) एस एस यादव ने बताया कि जी20 को लेकर 25 अगस्त को पुलिस द्वारा जारी यातायात परामर्श में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाएं जैसे डाक और चिकित्सा सेवाएं, मेडिकल जांच के लिए नमूना एकत्र करने की नई दिल्ली में अनुमति होगी। जिले में वाणिज्यिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं की अनुमति नहीं होगी लेकिन दवाओं की डिलीवरी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं के लिए दी गई वैध अनुमतियों का सम्मान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी बताया कि उच्चतम न्यायालय स्टेशन को छोडक़र मेट्रो सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि वीआईपी आवाजाही और सुरक्षा प्रतिबंधों के कारण स्टेशनों पर 10–15 मिनट के लिए गेट बंद हो सकते हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के अलावा अन्य स्टेशनों पर मेट्रो सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। यादव ने कहा कि जिन लोगों ने नई दिल्ली जिले में होटल बुक किए हैं, जो हवाई अड्डा या रेलवे स्टेशन से आ–जा रहे हैं, उन्हें यात्रा करने की अनुमति होगी। हालांकि, मांगने पर उन्हें अपनी टिकट, बुकिंग की जानकारी आदि वैध दस्तावेज दिखाने होंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा प्रतिबंधों के कारण 10–15 मिनट की देरी हो सकती है लेकिन उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

# अडानी-हिंडनबर्ग मामला : सुप्रीम कोर्ट 15 को सेबी की रिपोर्ट पर करेगा विचार

### सेबी ने जांच पूरी करने के लिए 15 दिनों का विस्तार मांगा था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट अडानी–हिंडनबर्ग मामले में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा दायर ताजा स्टेटस रिपोर्ट पर 15 सितंबर को विचार करेगा। शीर्ष अदालत की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, सीजेआई डी.वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष 15 सितंबर को सुनवाई की संभावना है। 25 अगस्त को, बाजार नियामक ने एक ताजा स्टेटस रिपोर्ट में कहा कि उसने शीर्ष अदालत के आदेशों के अनुपालन में 24 मामलों की जांच की, और कहा कि सेबी अडानी–हिंडनबर्ग मामले में जांच के नतीजे के आधार पर उचित कार्रवाई करेगी।

सेबी के कार्यकारी निदेशक वी.एस. सुंदरेसन द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया, उक्त 24 जांचों में से 22 अंतिम प्रकृति की हैं और 2 अंतरिम प्रकृति की हैं। आज की तारीख में, उक्त 22 अंतिम जांच रिपोर्ट और 1 अंतरिम जांच रिपोर्ट को सेबी की मौजूदा प्रथा और प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसमें कहा गया है कि एक शेष मामले के संबंध में, अंतरिम निष्कर्ष सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हैं और सेबी ने बाहरी एजेंसियों या संस्थाओं से जानकारी मांगी है। इसमें कहा गया है, ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर उक्त मामलों में आगे की कार्रवाई, यदि कोई हो, निर्धारित करने के लिए अंतरिम जांच रिपोर्ट के साथ उसका मूल्यांकन किया जाएगा। 14 अगस्त को सेबी ने जांच प्रक्रिया पूरी करने और मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 15 दिनों का विस्तार मांगा था। बाजार नियामक ने तब कहा था कि उक्त 24 जांचों/परीक्षाओं में से 17 अंतिम और पूर्ण हैं और सेबी की मौजूदा प्रथा और प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हैं। इससे पहले, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अदानी–हिंडनबर्ग मामले के संबंध में न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों पर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचार व्यक्त किया था।

### संविधान में निष्ठा का हलफनामा दाखिल करे लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ दायर याचिकाओं में मुख्य याचिकाकर्ताओं में से एक और कथित तौर पर जम्मू–कश्मीर विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता मोहम्मद अकबर लोन से सोमवार को कहा कि उन्हें एक संक्षिप्त हलफनामा दाखिल करना होगा, जिसमें पुष्टि की जाएगी कि केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और वह भारत के संविधान का पालन करते हैं और उसके प्रति निष्ठा रखते हैं।

## सार समाचार

### युवाओं ने निकाली मोटरसाईकिल रैली, चल समारोह आज



**गुना, देशबन्धु।** भगवान बलराम की जयंती के पूर्व धाकड़-किरार समाज द्वारा सोमवार को शहर के प्रमुख मार्गों से बाईक रैली निकाली। वहीं मंगलवार को जयंती का भव्य जुलूस समाजबंधुओं द्वारा निकाला जाएगा। इस मौके पर धाकड़ किरार क्षत्रीय महासभा द्वारा समाज के आराध्य धरतीधरा के देव भगवान बलराम की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व स्थानीय प्रताप छात्रावास से बाईक रैली निकाली गई। यह बाईक रैली प्रताप छात्रावास से पूजा अर्चना पश्चात प्रारंभ हुई। रैली हनुमान चौराहा, हाट रोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, जयस्तंभ चौराहा, तेलघानी, हनुमान चौराहा से वापस एक गार्डन में पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संया में समाज के युवा शामिल हुए। रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ भी शामिल हुए। वहीं बलराम जयंती के मौके पर मंगलवार को समाजबंधुओं द्वारा चल समारोह गायत्री मंदिर से आरंभ होकर हनुमान चौराहा, हाट रोड, नीचला बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज होते हुए मानस भवन में समापन होगा।

### जन्माष्टमी पर निकलेगा चल समारोह

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ में पहली बार यादव समाज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशाल आयोजन करने जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर यादव समाज ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। 7 सितंबर को राघौगढ़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी।राघौगढ़ तहसील के प्रत्येक यादव समाज के गांवों में जाकर सबको अयोजन में शमिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यादव समाज के लोग प्रति दिन समाज के गावों में पहुंच रहें हैं ओर सभी को अयोजन में शमिल होने के लिए आमंत्रित भी कर रहे हैं। सहयोग राशि भी एकत्रित की जा रही है राघौगढ़ में 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य चल समारोह एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### जाट सोशल ग्रुप ने आयोजित किया वीर तेजाजी अवार्ड कार्यक्रम

**गुना, देशबन्धु।** जाट सोशल ग्रुप द्वारा वीर तेजाजी अवार्ड का आयोजन मानस भवन में किया गया। जिसमें समाज के मेधावी छात्र छात्राओं, राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाडियों, शासकीय सेवाओं में चयनित युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। वहीं महासभा की युवा इकाई एवं जाट सोशल ग्ररुप की महिला इकाई का शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल, राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र सिंह चाहर, युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र जाट उपस्थित रहे। आयोजन में गुना जिले के सभी गांवों ओर पास के जिले शिवपुरी अशोकनगर से सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे युवा समाजजन उपस्थित हुए।

### जिलेभर की मंडियों में पसरा रहा सन्नाटा

# कारोबार बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए व्यापारी

**गुना, देशबन्धु।** व्यापारियों की विभिन्न मांगों को लेकर की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते जिला मुख्यालय सहित जिलेभर की समस्त कृषि उपज मंडियां सूनी रहीं। सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनाज व्यापारी हड़ताल पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मांगों को लेकर एडीएम मुकेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। दरअसल प्रांतीय आव्हान पर गल्ला व्यापारियों के विभिन्न संगठनों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की है। जिसके सोमवार को अनाज मंडी में नीलाम काम अनिश्चितकाल के लिए बंद रहा। व्यापारियों ने हड़ताल की सूचना शनिवार को दी थी, जिसके बाद आज मंडी बंद रही, एक दुक्का किसान ही अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे। मंडी बंद होने से किसानों को वापस लौटना पड़ा।



व्यापारियों की हड़ताल से जहां किसान परेशान हो रहे हैं, वही मंडी टैक्स का भी नुकसान होगा। व्यापारी संगठनों के अनुसार व्यापारियों से लिए गए 1.5 फीसदी टैक्स में से 1 फीसदी टैक्स मंडी बोर्ड को जाता है, जो बोर्ड विकास शुल्क, गो संवर्धन, किसान सडक़ निधि और आश्रित निधि पर खर्च होता है। उसके बाद 50 फीसदी में मंडी कमेटी अपना खर्च चलती है। लेकिन टैक्स देने के बाद भी व्यापारियों को समुचित सुविधाएं नहीं मिलती हैं।

ज्ञापन में व्यापारियों ने मांग की कि मंडी समितियों में पूर्व से आवंटित भूमि या संरचनाओं पर भूमि एवं संवरचना आवंटन नियम-2009 लागू नहीं किया जाए। कलेक्टर गाइडलाइन से लीज दरों का निर्धारण नहीं रखकर नामिनल दरें रखी जाए। मंडी फीस दर एक प्रतिशत की जाए। निराश्रित शुल्क समाप्त किया जाए। मंडी अधिनियम की धारा 19(2), धारा 19(8), धारा 46(ड) एवं धारा 46(च) में संशोधन-2 विलोपन किया जाए। लाइसेंस प्रतिभूति की अनिवार्यता हटाई जाए। वाणिज्य संव्यवहार की पृथक अनुज्ञप्ति व्यवस्था एवं निर्धारण फीस रुपए 25 हजार रुपए की वृद्धि समाप्त कर पूर्व फीस 5 हजार रुपए बहाल की जाए। मंडी समितियों को धारा 17(2)(14) और 30 में प्रदत्त अधिकारी एवं शक्तियों को यथावत रखा जाए। लेखा सत्यापन/पुन: लेखा सत्यापन की कार्रवाई खत्म की जाए। कृषक समिति प्रतिभूति बढ़ाने के दवाब पर रोक लगाई जाए। धारा 23 के अंतर्गत गाडियों को रोकने की शक्ति प्रावधान की परिधि के बाहर जाकर मंडी बोर्ड कार्यालय स्तर से गठित किए जाने वाले जांच दलों पर रोक लगाई जाए।

### आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं 10 से ज्यादा मामले

# अंतर्राज्यीय सीमा पर चैकिंग के दौरान डोडाचूरा के साथ पकड़ा गया बदमाश



**गुना, देशबन्धु।** मृगवास पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग के दौरान नशे के सौदागर को दबोचकर 1.10 लाख कीमत के 11 किलो डोडाचूरा पकड़ा है। डोडाचूरा तस्करी में पकड़ा आरोपी आदतन बदमाश पर है। जिस पर गुना के कई थानों सहित भोपाल, विदिशा में 10 से भी ज्यादा अपराध दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृगवास पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग पोस्ट ग्राम आंकखेड़ी तिराहे पर वाहन चैकिंग की जा रही थी । चैकिंग के दौरान राजस्थान के ग्राम वामला तरफ से पुलिस को बिना नंबर की हीरो एचएफ मोटर सायकिल पर आते हुए दिखाई दी। जिसके आगे तरफ पैट्रोल की टंकी पर प्लास्टिक का एक कट्टा रखा हुआ था। पुलिस द्वारा उक्त मोटर सायकिल के चालक को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया तो उसके चालक द्वारा मोटर सायकिल की स्पीड तेज कर भागने का प्रायास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा उसका पीछकर एवं घेराबंधी कर गाड़ी को बमुश्किल पकड़ा। जिसके चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम श्रीराम पुत्र पृथ्वीराज मीना उम्र 35 साल, निवासी ग्राम दीतलवाड़ा, थाना राघौगढ़, जिला गुना का होना बताया। कट्टे को खोलकर चैक किया गया तो उसमें अवैध मादक पदार्थ 11 किलो डोडाचूरा भरा हुआ पाया गया। जिसकी कीमती करीबन 1.10 लाख रूपये है। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। डोडाचूरा तस्करी में गिरफ्तारशुदा आरोपी श्रीराम मीना शातिर बदमाश होकर आदतन अपराधी है। जिसके विरूद्ध गुना जिले के थाना राघौगढ़, मधुसूदनगढ़, कोतवाली, मृगवास सहित भोपाल, विदिशा आदि में लूट, चोरी, आबकारी एक्ट की धाराओं में 10 से भी ज्यादा अपराध दर्ज होना पाये गये हैं । इनके अलावा भी आरोपी श्रीराम मीना का अन्य थानों में अपराधिक रिकॉर्ड हो सकता है, पुलिस द्वारा जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई जयवीर सिंह बघेल, सानई चौकी प्रभारी राजकुमार रघुवंशी, नीरज धाकड़, रवि चौहान एवं विकास राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## वैक्सीन लिफ्टर कर्मचारी एकता यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** टीकाकरण केंद्रों में वैक्सीन पहुंचाने वाले वैक्सीन लिफ्टरों को न्यूनतम वेतन एवं कर्मचारी का दर्जा देने आदि मांगों को लेकर वैक्सीन लिफ्टर कर्मचारी एकता यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कर्मचारी वैक्सीन लिफ्टरों को 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देने तथा कर्मचारी का दर्जा देना होगा आदि नारे लगाते हुए रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शन कर मांगों से युक्त ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को दिया गया। ज्ञापन के पूर्व सभा हुई। सभा को सीटू के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु शर्मा, सुरेन्द्र सैनी, जहूर खान, कल्याण सिंह लोधी तथा सीटू के जिला महासचिव गिरीश कश्यप ने संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में नियमित टीकाकरण हेतु टीकाकरण केन्द्र तक वैक्सीन पहुंचाने वाले वैक्सीन लिफ्टर कर्मचारी पिछले लगभग 16 वर्षों से नियमित रूप से यह काम कर रहे हैं। वैक्सीन लिफ्टर कर्मचारी सुबह 8 बजे स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच कर वैक्सीन कैरियर लेकर उसे सुरक्षित रूप से टीकाकरण केंद्र तक पहुंचाते हैं एवं टीकाकरण के बाद शाम को कैरियर वापस स्वास्थ्य केन्द्र में जमा कराते हैं। टीकाकरण अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी होने के साथ साथ वैक्सीन लिफ्टर का काम वेहद जिम्मेदारी वाला भी है। पांच सूत्रीय ज्ञापन में वैक्सीन लिफ्टरों के मानदेय में वृद्धि कर तत्काल राहत पहुंचाई जाये। प्रत्येक टीकाकरण सत्र के कार्य के लिये न्यूनतम 500 रुपये का भुगतान किया जावे, प्रत्येक टीकाकरण सत्र में वास्तविक दूरी के आधार पर वैक्सीन लिफ्टरों को पेट्रोल में व्यय की गई राशि का भुगतान किया जावे, स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जोडक़र वैक्सीन लिफ्टरों के कार्यदिवस बढ़ाये जायें, तब तक न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये मासिक किया जावे तथा वैक्सीन लिफ्टर कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिया जाये आदि मांगें शामिल हैं।

### युवक ने लगाई फांसी

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत पायगा मोहल्ले में एक 17 वर्षीय युवक ने प्रेमिका की कथित बेवफाई से दुखी होकर अपनी मां की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। घटना रविवार-सोमवार दरम्यानी रात की है। घटना के समय उसकी मां और बहन बाहर गए थे। वहीं पिता घर पर थे। सुबह वह उन्होंने अपने बेटे को पंखे पर लटका देखा तो होश खो बैठे। इस दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें पापा मम्मी एंड सिस्टर एम सॉरी मुझे माफ करना, किसी ने मुझे छोड़ दिया है जिसकी वजह से मैं ऐसा कदम उठा रहा हूं। आदि लिखा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत पायगा मोहल्ला स्थित जोशी कॉलोनी में रहने वाले राजा नामदेव पिता महेश नामदेव (17) ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है।

# नुक्कड़ नाटक कर निरक्षरता दूर करने का दिया संदेश

**आष्टा, देशबन्धु।** मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सेकेंड्री स्कूल अलीपुर द्वारा जनपद चौराहे पर जागरुकता रैली और साक्षरता से संबंधित नुक्कड़ नाटक कर लोगों को साक्षर करने के लिए किया प्रयास। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा साक्षरता से संबंधित साक्षरता के प्रमुख उद्देश्य जैसे बुनियादी साक्षरता एवं अक्षर ज्ञान क्या है, इसकी प्रस्तुति कर छात्र अंकित चौहान द्वारा लोगों को जागृत किया। जीवन कौशल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे मे छात्रा प्राची खत्री द्वारा लोगो को जागृत किया। कार्यात्मक साक्षरता एवं साक्षर होने के लाभ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के समय गांधी जी ने सबसे पहले बुनियादी साक्षरता की कल्पना की थी इसका व्याख्यान छात्रा मुस्कान वर्मा द्वारा किया गया। सतत् शिक्षा के संबंध मे परिवर्तन की ओर व्यक्ति किस तरह उन्मुख हो सकता है। इसका ज्ञान छात्र पियूष पाण्डया ने दिया। द्वितीय प्रारूप मे संस्था की संगीत शिक्षिका प्रांजल गुठानिया एवं विद्यार्थियों की पूरी टीम ने साक्षरता गीत "हर घर अलग जगाऐंगे हम बदलेंगे जमाना" की शानदार प्रस्तुति दी। अंत मे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र नियति तिवारी द्वारा प्रथम दृश्य मे बताया गया कि हमारे जीवन मे साक्षरता का कितना महत्व है यदि हम पढ़ते नही है तो अशिक्षित होकर कार्य करते है तो हमारे साथ अच्छा व्यवहार नही किया जाता, द्वितीय दृश्य मे बताया कि जब कोई डाक आती है तो हम उसे पढ़ नही सकते है और उसे पढ़वाने के लिये जगह जगह भटकना पड़ता है तीसरे दृश्य मे देखा कि एक अनपढ़ मॉ-बाप अपने बच्चे को गलत दवाई देकर उसके स्वास्थ को ओर खराब कर देते है तब डॉक्टर उचित सलाह देकर उनको स्वस्थ करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अतुल जैन सुराणा ने किया एवं कार्यक्रम तैयार जया बागवान सलौनी बिल्लौरे द्वारा कराया गया। आभार संस्था प्राचार्य विनीत कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम मे विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, सी.एम. राईस के प्राचार्य सितवत खान संस्था के संचालक नौशे खॉ, पार्षद डॉ. सलीम खान हिफ्फाजुर्रहमान भैया मियॉ, साक्षरता प्रभारी अनिल श्रीवास्तव, बी.ए.सी मनोज विश्वकर्मा मौजूद थे।

# नईम जिलाध्यक्ष, सोहैल को उपाध्यक्ष





**आष्टा, देशबन्धु।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव तारिक अनवर की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष मुनव्वर कौसर ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां महेंद्र ठाकुर टीपाखेड़ी की अनुशंसा पर शेख नईमुद्दीन को जिला कांग्रेस कौमी एकता कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ में एडवोकेट सोहेल मिर्जा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त बनाया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। बधाई देने वालों में कांग्रेस नेता बल बहादुर सिंह ठाकुर डॉ मीना सिंघी सोभाल सिंह मुगली, सुनील सेठी, इदरीस मंसूरी भैया, एमपी ठाकुर प्रसाद वर्मा, डॉक्टर ओपी वर्मा कमल सिंह चौहान ओपी वर्मा मोहम्मद खालिद इमरान खान डीलक्स ,गोरे मियां कलीम उद्दीन ,राशिद नेताजी रईस मंसूरी मुरावर, आत्माराम परमार, देवराज परमार ,नवाब मिया सलीम अंसारी अनार सिंह मेवाडा आदि लोगों ने बधाई दी।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**आष्टा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा किसानों के विभिन्न मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को सौपा । जिसमें वर्तमान समय में खरीफ की फसल सोयाबीन उड़द मूंग मक्का अरहर आदि फसल बारिश नहीं होने के कारण सूख रही तथा नष्ट हो रही है। जिसका सर्वे करवाया जाए तथा बीमा राशि और राहत राशि प्रदान की जाए कुछ किसान सिंचाई कर रहे हैं । बिजली 2 घंटे नहीं मिल पा रही है बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और रात्रि के समय घरेलू बिजली में दो से तीन घंटा तक कटौती होती है उसको बंद की जाए जले हुए ट्रांसफार्मर बदले जाएं । ट्रांसफार्मर मुख्यमंत्री अनुदान योजना को चालू किया जाए 2020-21 खरीफ फसल की बीमा राशि कई किसानों को नहीं मिली है । तत्काल में खातों में डाली जाए कई किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि का लाभ नहीं मिल रहा है एवं मुख्यमंत्री सम्मान निधि का 90 प्रतिशत किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है तत्काल सम्मान निधि चालू की जाए । प्याज के भाव किसानों को मिले ऐसी व्यवस्था की जाए बहनों के नाम उनकी मर्जी से शपथ पत्र के द्वारा हटाए जाएं सीहोर जिले के किसानों के 2 करोड रुपए हड़पने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा किसानों को उनकी राहत राशि लौटी जाए सहित करीब 10 बिंदुओं की मांगों ज्ञापन सोपा गया इस अवसर पर प्रदेश मंत्री बाबूलाल पाटीदार प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम सिंह पटेल जिला मंत्री धर्म सिंह भासनिया विकासखंड अध्यक्ष कचरू परमार विकासखंड मंत्री कैलाश वर्मा विकासखंड कोषाध्यक्ष हमीर सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष देवकरण परमार मनोज परमार दिनेश परमार मोहन सिंह बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# पंजाब के आजीविका मिशन के दल ने स्व सहायता समूह की गतिविधियों का किया अवलोकन

**शिवपुरी, देशबन्धु।** पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के 18 सदस्यीय दल द्वारा तीन दिवसीय प्रवास के दौरान शिवपुरी जिले में आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया।

इस दौरान प्रथम दिन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के गठन, पंजीयन, शेयर होल्डर, बीज उत्पादन, मार्केटिंग सिस्टम को बिस्तार से जाना तथा शिवपुरी ब्लॉक के ग्राम मुड़ेरी में कंपनी आउटलेट सब्जी उत्पादन क्लस्टर, क्रॉप डायवर्सिफिकेशन इत्यादि का अवलोकन किया गया। दूसरे दिन पंजाब दल द्वारा सीटीसी शिवपुरी पर चल रहे कृषि सीआरपी प्रशिक्षण में प्रतिभागियों से उनके द्वारा ग्राम में कैसे कार्य किया जाता है, क्या-क्या कार्य किए जाते है इत्यादि के बारे में जाना। उसके बाद दल करैरा ब्लॉक के ग्राम मामोनीखुर्द में उत्पादक समूहों द्वारा संचालित विभिन्न कृषि आजीविका गतिविधियों का अवलोकन करने के साथ साथ पीजी द्वारा निर्मित मूंगफली दाना, गेहूं व मक्का का आटा, दलिया, मूंगफली व सरसों तेल निर्माण, ग्रेडिंग, पैकिंग आदि को देखा तथा प्रसन्नता व्यक्त करने के साथ हितग्राहियों से भी विस्तृत चर्चा की। उसके बाद दल द्वारा ब्लॉक करैरा के ग्राम चंदावरा में प्रगति पीजी द्वारा की जा रही पेठा निर्माण गतिविधि को देखा व निर्माण प्रक्रिया को समझा।

भ्रमण के दौरान भोपाल से आए राज्य परियोजना प्रबंधक, कृषि मनीष पवांर, शिवपुरी जिला आजीविका मिशन टीम से जिला परियोजना प्रबंधक डॉ.अरविंद भार्गव, जिला प्रबंधक कृषि प्रमोद श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक प्रशिक्षण अंकुर कुशवाह व ब्लॉक शिवपुरी, करैरा, पिछोर, कोलारस टीम व हेंपको कंपनी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बास्केटबॉल अंडर-13 में प्रतियोगिता में गुना की टीम ने दिखाया दमखम

**गुना, देशबन्धु।** पिछले दिनों पॉन्डिचेरी में हुए बास्केटबॉल अंडर-13 टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश की टीम तीसरे नंबर पर रही। इस टीम में जिले के दो खिलाड़ी भी शामिल थे। जिनका रघुवंशी समाज ने पीजी कॉलेज स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड पर सभी कोचों का सम्मान किया। उन्हें मोमेंटो देकर उनके द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को सराहा। साथ ही खिलाडियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव अतुल लुम्बा ने कहा कि बिना बच्चों के कोच भी ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। कोच केवल बच्चों को गाइड ही कर सकता है। बाकि मेहनत खिलाड़ी को ही करनी होती है।

### मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने किया मिनी थीम रोड का भूमि पूजन, कहा -

# संजीवनी क्लिनिक से लोगों को इलाज की सुविधा मिलेगी

*__शिवपुरी, देशबन्धु।__ खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया सोमवार को शिवपुरी भ्रमण पर रहीं। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने ठकुरपुरा में 25 लाख की लागत से निर्मित होने वाले संजीवनी क्लीनिक का उद्घाटन किया। संजीवनी क्लीनिक की शुरुआत होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्हें बीमारियों के इलाज के लिए दूर दराज परेशान नहीं होना पड़ेगा।*



*इसके बाद उन्होंने बायपास रोड पर निर्मित तीर्थ यात्री सेवा सदन का लोकार्पण किया। वहीं मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने सीसी रोड का भूमि पूजन किया। इसे मिनी थीम रोड का नाम दिया गया है। वार्ड क्रमांक 17 में गोपाल 16.85 लाख की लागत से निर्मित होने वाली भोपाल की चक्की से छोटेलाल यादव के मकान तक सीसी रोड और 16.21 लाख की लागत से निर्मित होने वाली छोटेलाल के मकान से हनुमान मंदिर तक की सीसी रोड का भूमि पूजन किया। वार्ड क्रमांक 21 में 9.15 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सरवदी बाई मंदिर से खड़ग सिंह यादव की दुकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य और वार्ड क्रमांक 22 में बजरिया मोहल्ला से 8.65 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किया।*

*कायाकल्प अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में 2 करोड़ 48 लाख 60 से अधिक की राशि से निर्मित होने वाली 6635 मीटर लंबाई की 11 सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसमें 1 63 लाख 24582 रुपए की लागत से अग्रसेन चौक से छिब्बर स्कूल तक डामरी नवीनीकरण एवं सीसी मजबूतीकरण, 33 लाख 54393 रुपए की लागत से गुरूद्वारा चौराहा से नीलघर चौक तक, 19 लाख 75743 रुपए की लागत से सुभाष चौक से ईमाम वाडा तक, 21 लाख 76992 रुपए की लागत से विष्णु मंदिर चौक से सुभाष पार्क चौक तक, 16 लाख 46105 रुपए की लागत से लक्ष्मी निवास से कम्यूनिटी हॉल तक, 16 लाख 36465 रुपए की लागत से आईटीआई चौराहा से ईमाम वाडा तक, 21 लाख 35811 रुपए की लागत से पीएनबी बैंक से जलमंदिर होते हुए थीम रोड तक, 5 लाख 55603 रुपए की लागत से शुलभ कॉम्पलेक्स से आर्य समाज मंदिर तक, 10 लाख 80895 रुपए की लागत से सीएमओ कोठी के सामने से आनंदपुर ट्रस्ट तक, 5 लाख 43435 रुपए की लागत से पुराने बस स्टेण्ड से बस स्टेण्ड पुलिया तक, 34 लाख 30160 रुपए की लागत से पावर सब स्टेशन से कब्रिस्तान तक डामरी नवनीकरण एवं सीसी मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा।*

# एशियन गेम्स में मप्र के 43 खिलाड़ी करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

**भोपाल, देशबन्धु।** चीन के हांग्जो मे 19वीं एशियन गेम्स–2022 की शुरूआत 23 सितंबर से होगी। इस बार एशियन गेम्स की भारतीय टीम में मध्यप्रदेश के 43 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें मध्यप्रदेश खेल अकादमी के 19 खिलाड़ी, मध्यप्रदेश के (अकादमी के बाहर के) 11, स्पोर्टस ऑथारिटी ऑफ इंडिया (साई) के तीन, मध्यप्रदेश खेल अकादमी के सात पूर्व खिलाड़ी तथा तीन खिलाड़ी जो अकादमी के एसोसिएट मेम्बर शामिल है।

एशियन गेम्स की भारतीय टीम में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के सबसे ज्यादा जलक्रीड़ा के खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें केनो सलालम में शुभम केवट, शिखा चौहान, हितेश केवट, विशाल वर्मा, सेलिंग में नेहा ठाकुर, शीतल वर्मा, हर्षिता तोमर, कयाकिंग–कनोईंग में अर्जुन सिंह, नीरज वर्मा, शिवानी वर्मा, कावेरी, ओ विनीता देवी, प्राची यादव और मनीषा कौरव (दोनो पेरा केनो) और रोईंग में रूक्मणी दांगी शामिल है। वहीं घुड़सवारी में मध्यप्रदेश अकादमी के राजू सिंह और सुदिप्ती हजेला का चयन किया गया है। शूटिंग में मध्यप्रदेश अकादमी के एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा मध्यप्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी के कपिल परमार जूडो (दृष्टिबाधति केटेगरी) खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि अकादमी के दो एसोसिएट मेम्बर दीक्षा और सपना बर्मन भारतीय एथलेटिक्स दल का हिस्सा होंगी। वहीं अकादमी के बाहर के 11 मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों में अद्वेत पात्रे (स्वीमिंग), आध्या तिवारी, जय मीणा, तुषिता सेन और आदित्य दुबे (सभी साप्ट टेनिस), अंजुल नामदेव और रोहित यादव (वूशु), दमिता देवी (क्याकिंग कनोईंग), रोहिणी कलाम (जी–जुत्सु), ज्योति चौहान (महिला फुटबॉल), आवेश खान (क्रिकेट), भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पोर्ट्स ऑथेरिटी ऑफ इंडिया की तुलिका और अवतार सिंह (जूडो) तथा सोनिया देवी पहीरेमबाम (कयाकिंग – कनोईंग) मे चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश अकादमी के सात पूर्व खिलाड़ियों का भी भारतीय टीम मे चयन हुआ है। इनमें महिला हॉकी टीम मे मोनिका, सुशीला चानु, इशिका, विष्णु देवी तथा पुरूष हॉकी मे विवेक सागर और नीलाकांता शर्मा भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करे: मिश्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव शशांक मिश्रा ने सोमवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा स्थित मुख्यालय में समीक्षा बैठक में सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने के लिए जनजागृति की आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया कि सोलर रूफटॉप को बढावा देने और सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए आमजन को जागरूक करना होगा। श्री मिश्रा ने सोलर रूफटॉप से बिजली की आत्मनिर्भरता और आमजन के साथ ही पर्यावरण को इससे होने वाले लाभ की जानकारी से अवगत कराना होगा। इस दौरान उन्होंने आव्हान किया कि अधिक से अधिक लोग सोलर रूफटॉप का उपयोग करें और सौर ऊर्जा से होने वाले लाभ उठाएं। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र में हो रहे सोलर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में निदेशक (तकनीकी) दीप्तापाल सिंह यादव, निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मेहताब सिंह, उप मुख्य महाप्रबंधक (गैर पारंपरिक ऊर्जा) सौरभ श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### हलवाई के अंधे कत्ल का खुलासा

## पत्नी ने प्रेमी और उसके चचरे भाई के साथ मिलकर की थी हत्या

**भोपाल, देशबन्धु।** बागसेवनिया पुलिस ने पुरानी बस्ती राम मंदिर के पास 26 जुलाई को की गई युवक की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। वारदात को मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके चचरे भाई के साथ मिलकर अंजाम दियाथा। हत्या के बाद तीनों आरोपी भोपाल से फरार हो गए थे। पुलिस की टीमें लगातार उन्हें तलाश कर रही थीं। आखिरकार तीनों आरोपियों को खंडवा से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपियों को भोपाल ले आई है।

बागसेवनिया पुलिस ने बताया कि मानिक सिंह पिता रामकृष्ण सिंह उम्र 35 वर्ष मूलतःगांव सूजासर, थाना देशनाक, तहसील व जिला बीकानेर राजस्थान का रहने वाला था। इसी साल 10 जुलाई को उसने खंडवा में रहने वाली आरती चौहान से शादी की थी। शादी के बाद वह काम की तलाश में पत्नी के साथ भोपाल आकर बागसेवनिया की पुरानी बस्ती में राम मंदिर के पास रहने लगा था। यहां उसके कुछ रिश्तेदार पहले से रहते हैं। उसे एक मिठाई की दुकान में बतौर हलवाई काम मिल गया था। 22 जुलाई को आरती मां की बीमारी का हवाला देकर मायके गई थी। यहां से वह 25–26 जुलाई की दरमियानी रात भोपाल लौटी। इस दौरान उसका प्रेमी राजा वर्मा भी उसके साथ था। पति ने उसके साथ पत्नी को देख उसके संबंध में पूछताछ की और बिन बताए लौटने का कारण भी पूछा तो आरती ने जवाब दिया कि वह उसे बताने आई है कि अब हम साथ नहीं रहेंगे। दस साल से राजा से संबंध हैं। इसलिए हम एक दूसरे के साथ रहेंगे। इसी बात को लेकर पति–पत्नी में विवाद हो गया। इस दौरान आरती ने अपना दुपट्टा प्रेमी राजा को दिया और उससे कहा की इसका गला घोंट दो। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसका गला घोंट। मानिक की चीख–पुकार की आवाजें सुनकर बाहर खड़ा राजा का चचेरे भाई रंजीत भी घर के अंदर दाखिल हो गया और फिर तीनों ने मिलकर मानिक का गला तब तक दबाए रखा जब तक वह बेसुध नहीं हो गया। इसके बाद आरती ने ही रसोईघर से सब्जी काटने वाली छुरी लाकर राजा को दी और गला रेतने के लिए कहा। राजा ने मानिक का गला भी इसी छुरी से रेत दिया। हत्या के बाद तीनों फरार हो गए। क्योंकि आरती पहले ही मायके गई थी, यहां उसके आने की किसी को जानकारी नहीं थी। इसलिए प्रारंभिक तौर पर किसी ने उस पर शक नहीं किया।

### आरोपियों तक ऐसे पहुंची पुलिस

बताया गया है कि हत्याकांड के बाद पुलिस को सूचना मिली की 25–26 जुलाई की दरमियानी रात आरती को मानिक सिंह के घर से निकलते देखा गया था। इस पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरे खंगाली तो आरती के साथ दो संदेही युवक भी नजर आए थे। इस पर आरती के मोबाइल की विस्तृत जानकारी खंगालने पर खुलासा हुआ की वह एक युवक से प्रति दिन 10–12 घंटे तक बात करती थी। जिस नंबर पर वह बात करती थी वह सिम राजा वर्मा निवासी खंडवा इस्तेमाल करता था। यहीं से पुलिस को आरती पर शक हो गया था। लिहाजा पुलिस ने आरती को बयानों के लिए बुलाया तो वह खंडवा से गायब हो गई। बाद में उसकी मोबाइल से राजस्थान में होने का पता चला। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। चूंकि आरोपी ने मोबाइल बंद कर रखा था। लिहाजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों की तलाश में खंडवा में डेरा डाला। कुछ समय में आरोपियों कोगिरफ्तार कर लिया।

## ऑनलाइन खेल के नाम पर 5 लाख की ठगी

### अदालत के आदेश के बाद पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**भोपाल, देशबन्धु।** ऑन लाइन गेम खिलाने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की ठगी करने वाले जालसाज़ो पर शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई अदालत के आदेश पर की गई है। इस मामले में चार कंपनियों को आरोपी बनाया गया है। यह चारों कंपनियां ऑन लाइन खेल खिलाने का काम करती हैं।

थाना प्रभारी उमेश पाल सिंह चौहान के मुताबिक 51 वर्षीय दिनेश सायरानी प्रभु नगर ईदगाह हिल्स में रहते हैं और केआरबीएल नाम की कंपनी में काम करते हैं। मई 2021 उनके मोबाइल के वाट्सएप पर एक युवती का संदेश आया। युवती ने स्वयं को सिंगापुर का निवासी बताया। इसके बाद दोनों की वॉट्सऐप पर ही चेटिंग होने लगी। इस बीच युवती ने दिनेश को ऑनलाइन गेम से जुड़ी एक लिंक भेजी । इसमें पंजीयन के नाम पर एक हजार रूपए ऑन लाइन लिए गए। इसके बाद दिनेश ऑनलाइन खेल के जाल में फंस गए। इस दौरान वे कई कंपनियों से जुड़े। अलग–अलग समय में उन्होंने इसमें पांच लाख रुपए जमा कर दिए। जब उनकी यह पूरी रकम डूब गई तब उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है। इतना ही नहीं पूरी प्रक्रिया में कई जगह पर उनके नाम के दस्तावेजों की कूट रचित रचना की गई तथा उनका इस्तेमाल किया गया। उन्होंने शिकायत का परिवाद अदालत में लगाया था। अदालत के आदेश पर पुलिस ने ईशग्रूट प्राइवेट कंपनी लिमिटेड, केशव चित्रा ईयर कंपनी, सरोज पांडे दोमट टेकाम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी का कहना है कि क्योंकि प्रकरण अदालत के आदेश पर दर्ज किया है। फरियादी को बयान दर्ज कराने बुलाया जाएगा। उससे आरोपियों और कंपनी से जुड़ी तमाम जानकारी और मोबाइल नंबर हासिल किए जाएंगे, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूटर से शराब की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

### 75 हजार की शराब जब्त

**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच ने होशंगाबाद रोड आईएसबीटी के नजदीक से एक्टिवा स्कूटर से शराब की तस्करी करने युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी गाड़ी पर दो बैग में रखे देसी शराब के 200 क्वार्टर को जब्त किया गया है। जब्त शराब की कीमत करीब 75 हजार रूपए है।

एडिशनल डीसीपी शेलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटर से अवैध देसी शराब की तस्करी करने आईएसबीटी से निकल रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने होशंगाबाद रोड पर घेराबंदी की और आरोपी को आईएसबीटी से करीब 400 मीटर की दूरी पर दबोच लिया। उसकी गाडी पर दो बैग रखे थे, जिसकी तलाशी लेने पर दो पेटी अवैध सफेद देसी शराब मिली। पूछताछ में आरोपी की पहचान सुलेमान पिता सलीम उम्र 24 वर्ष निवासी बागफरहत आफजा पुल बोगदा के पास थाना ऐशबाग के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ में शराब स्वयं की होना और उसे फुटकर में बचने की नीयत से ले जाना बताया। इसके बाद शराब को जब्त कर आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जब्त शराब की कीमत करीब 75 हजार रूपए बताई जा रही है।

## 5 व्यक्तियों को मिली मनपंसद सिनेमा की मुफ्त टिकिट

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह द्वारा की गई मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए छूटे युवाओं की जानकारी देने की अनूठी पहल का असर देखने को मिल रहा है। चूंकि अनेक लोग ऐसे मतदाताओं के नाम बता रहे है, जिन्होंने पात्रता के बावजूद भी अपना नाम मतदात सूची में नहीं जुड़वाया है। जिला प्रशासन ने अपनी घोषणा अनुसार ऐसे 5 व्यक्तियों को उनकी मनपंसद फिल्म के मुफ्त टिकिट दिए हैं।

दरअसल जिले के नागरिकों द्वारा लगातार संदेश करते हुए पात्रता के बावजूद भी अपना नाम मतदात सूची में नहीं जुड़वाने वालों की जानकारी दी जा रही है। इन जानकारियों का परीक्षण करने पर 5 व्यक्तियों की जानकारी सही पाई गई। इस पर जिला प्रशासन द्वारा उक्त व्यक्तियों से संपर्क कर उन्हें मनपसंद सिनेमाघर में सिनेमा देखने के लिए 2–2 टिकिट मुफ्त दिए। ऐसे नागरिकों में शामिल पुनीत ने बताया गया जिला प्रशासन की यह पहला निश्चित रूप से सफल है। उन्होंने नवाचार के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है कि कोई व्यक्ति जो 18 साल का हो गया हो अथवा 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल का हो रहा हो और उसका नाम मतदाता सूची में ना हो। ऐसा व्यक्ति जिसकी मृत्यु हो गई हो परंतु उसका नाम अभी भी मतदाता सूची में है। ऐसे व्यक्तियों की जानकारी व्हाटसअप के ज़रिए प्रदान की जा सकती है। जानकारी सही पाये जाने पर उससे संपर्क करके मनपंसद सिनेमा की 2 टिकट प्रदान किए जा रहे हैं।

## 10 प्रधानाध्यापकों की नेतृत्व क्षमता बैठक संपन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 10 शासकीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की नेतृत्व क्षमतावर्धन बैठक का आयोजन सोमवार को शासकीय मंगल पांडेय हाई स्कूल, सूखी सेवनिया में किया गया।

बैठक में प्रधानाध्यापकों द्वारा विद्यालय में किए जा रहे प्रयासों को एक–दूसरे से साझा किया गया। साथ ही आगामी महीने में किए जाने वालें नवाचारों के ऊपर विस्तृत वार्तालाप किया गया। प्रधानाध्यापकों ने एक–दूसरे के विद्यालय में किए जा रहे नवाचारों के बारे में भी जाना। साथ ही उन नवाचारों को अपने विद्यालय में लागू करने के लिए रणनीति पर बात की। एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा विद्यालयों में चल रहे स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी विद्यालयों में प्रिंट रीच प्रतियोगिता भी इस महीने से शुरू की जाएगी। इस प्रतियोगिता में एफएलएन शिक्षकों द्वारा अपने कक्षा को टीएलएम से सजाना व बाल–सुलभ वातावरण निर्मित करना है, जिससे छात्रों का अधिगम स्तर में वृद्धि हो सकें। इस बैठक में शा. मंगल पांडेय हाईस्कूल, सूखी सेवनिया से दीप्ति श्रीवास्तव, पार्चाय व डॉ महेश शर्मा, प्रधानाध्यापक, शा.मा.वि., लंबाखेड़ा से श्रीमती बिंदु जैन, शा.मा.वि., ईटखेड़ी से सुनील दुबे, शा.मा.वि. बीनापुर से दीप्ति सिंह, शा.मा.वि. निपानिया जाट से स्वाती देवस्थली, शा.हाईस्कूल, रायपुर से मंजूषा कर्णिक, शा.मा.वि. चोपड़ा कला से सीमा खान, शा.मा.वि. बरखेड़ी अब्दुल्ला से प्रेम सिंह कीर, शा.मा.वि. प्रेमपुरा से आर.एस.राठौर एवं शा. हाईस्कूल से संध्या तिवारी, एसआरएफ फाउंडेशन की तरफ से सत्यम पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी, अर्जुन मीना व विष्णु वर्मा, फील्ड अधिरकारी व कुलदीप जोशी उपस्थित थे।

## अवैध रूप से मांस बेंचने वालों पर कार्यवाही

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा अवैध व नियम विरूद्ध मांस विक्रय करने वालों के खिलाफअभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में निगम अमले ने जोन क्र. 6 एवं 8 के के अंतर्गत नेहरू नगर, कोटरा, शाहपुरा, राहुल नगर, पी.एण्ड.टी कालोनी, अम्बेड़कर नगर, मांडवी बस्ती, शबरी नगर, बिट्टन मार्केट आदि क्षेत्रों में मांस विक्रय की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से तथा लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन कर मांस विक्रय करने वाले 10 मांस विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही की और 9 हजार रुपये जुर्माने के रूप में वसूला। 10 किलो मांस जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की। उक्त कार्यवाही पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसके श्रीवास्तव के निर्देशन में संबंधित जोन के अमले द्वारा की गई।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजनीतिक दल भारत राष्ट्र सनातन जनता पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय का पता–16, ग्वाल नगर मेन रोड, छीपानेर रोड, हरदा, जिला–हरदा, मध्यप्रदेश, 461331 पर स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारी के नाम पता नीचे दिए गए है। 1 राजेश जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष, वार्ड क्रमांक 27 हरदा, मध्यप्रदेश, 2 संतोष कुमार प्रजापति, राष्ट्रीय महासचिव, लाला लाजपत राय वार्ड क्रमांक 17, हरदा, मध्यप्रदेश, 3 विनोद कुमार मालवीया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, देवी अहिल्याबाई वार्ड क्रमांक 26, हरदा मध्यप्रदेश। यदि किसी को भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल भारत राष्ट्र सनातन जनता पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में आपत्ति हो तो, अपनी आपत्ति इसके कारण सहित, सचिव राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली 1100 01 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर भेजें।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल**
(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)
क्रमांक–268/तह./एम.पी.नगर/2023 भोपाल, दिनांक 01.09.2023
प्रकरण क्रमांक 0011/अ–20(2)/2023–24
**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजस्थान पत्रिका प्रायवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम भोपाल स्थित खसरा क्रमांक 1517,रकबा 5500 वर्गमीटर भूमि कार्यालय निर्माण एवं प्रेस बिल्डिंग फॉर न्यूज पेपर हेतु स्थायी पट्टा देने हेतु भूमि आवंटन/नजूल भूमि का स्थायी पट्टा प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

उक्त संबंध में किसी व्याक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 18/09/2023 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में समक्ष में प्रस्तुत करें । निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा । एवं उक्त संबंध में प्रष्नाधीन भूमि के संबंध में भूमि आवंटन की नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 01.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**एम.पी.नगर नजूल वृत्त, भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त टी.टी.नगर भोपाल**
प्रकरण क्रमांक 0282/अ–6/23–24
**इश्तहार**

आवेदक श्री राघव सिंह मीणा आ. श्री नारायण सिंह मीणा निवासी– वार्ड नंबर–22 मडेहरी नगर पालिका परिषद मंडीदीप रायसेन मध्यप्रदेश द्वारा ग्राम बिशनखेड़ी स्थित भूमि ख. क्रं. 197/1 का अंशभाग क्षेत्रफल 1250 वर्गफिट भूमि पर सहखातेदार माधव सिंह मीणा पुत्र श्री नारायण सिंह मीणा की मृत्यु दिनांक 18/04/2021 को हो जाने से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस उद्घोषणा के जारी होने के 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के प्रश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**टी.टी.नगर वृत्त भोपाल**

**सूचना**

मैं रामजी प्रकाश श्रीवास्तव पि.श्री राधिका विहारी श्रीवास्तव उम्र 66 वर्ष M 83 कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल का नाम, सदैव की तरह रामजी श्रीवास्तव जाना जाये। परिवर्तित नाम शासकीय/ अर्द्धशासकीय कार्रवाई में भी उपयोग किया जाये।

**न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना टी.टी.नगर भोपाल म.प्र.**
(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक, भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 0019/अ–6/23–24
**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तुलसी राम पुत्र हुकुमचन्द पता कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल द्वारा ग्राम कोटरा सुल्तानाबाद स्थित भूमि खसरा नंबर 215/क/2 रकबा 0.0220 हे. भूमि का नक्शें में बटांक कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 12.09.2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल**

**कलचुरियन्स क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी लि. मध्यप्रदेश, भोपाल**
( पंजी.क्रमांक/साख/एमएस2/मुख्यालय/251,दिनांक 04.03.2014)
कार्यालय–एचआईजी–5, फेस–2 वैभव होम्स,
अयोध्या बायपास भोपाल
क्रमांक/2023/101 भोपाल, दिनांक 04.09.2023
**सूचना**

कलचुरियन्स क्रेडिट को–ऑपरेटिव सोसायटी लि. मध्यप्रदेश, भोपाल के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.09.2023, रविवार समय प्रातः 11.00 बजे संस्था कार्यालय एचआईजी–5, फेस–2, वैभव होम्स, अयोध्या बायपास, भोपाल में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सूचना पृथक से साधारण डाक के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित की गई है। संस्था के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

**आर.सी. शर्मा**
**अध्यक्ष**
**कलचुरियन्स क्रेडिट को–ऑपरेटिव सोसायटी लि.,म.प्र. भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**
Email-cmoharda@mpurban.gov.in conn.07577222238
https://nagarpalikaharda.org Toll free No. 18002331353
क्रमांक 3809/ लोकनिर्माण/2023 हरदा दिनांक 04.09.2023

नियम 91 (1)(क)(11)
ई–नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारुप
मध्यप्रदेश शासन नगर पालिका का नाम– नगर पालिका परिषद हरदा
एन.आई.टी. संख्या 4703 से 4709/ई– टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण/ आपूर्ति/सेवाओं के लिए निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों/ कंसल्टेट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है

| क्रं.सं./पैकेज | निर्माण कार्य/आपूर्तियॉ/सेवाऐं | जिला | संभावित राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_302908_1 | वार्ड क्रं.21 इमलीपुरा नाला कुलहरदा की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | हरदा | 413490 | 2 माह |
| 2023_UAD_302960_1 | वार्ड क्रं. 26 छिपानेर रोड से गुर्जर बोर्डिंग के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | हरदा | 756114 | 2 माह |
| 2023_UAD_302993_1 | वार्ड क्रं. 16 में श्री जगदीश मालवीय के मकान से बायपास रोड तक नाली निर्माण कार्य। | हरदा | 381270 | 2 माह |
| 2023_UAD_303012_1 | वार्ड क्रं. 19 में स्थित महाराणा प्रताप कालोनी में स्थित पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य | हरदा | 518083 | 2 माह |
| 2023_UAD_303029_1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत नूरी मस्जिद से अजहर भाई पठान के घर तक नाली निर्माण कार्य | हरदा | 352154 | 2 माह |
| 2023_UAD_303037_1 | निकार्य क्षेत्रांतर्गत नूरी मस्जिद के पास कसाई के घर से नाले तक नाली निर्माण कार्य | हरदा | 511574 | 2 माह |
| 2023_UAD_303050_1 | वार्ड क्रं. 17 भारती किराना स्टोर से श्री विश्वकर्मा जी के घर तक आर.सी.सी. रोड निर्माण कार्य | हरदा | 824645 | 2 माह |

1. इच्छुक निविदाकार वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेंडर क्रं. **1.** 2023_UAD_302908_1, **2.** 2023_UAD_302960_1, **3.** 2023_UAD_302993_1 **4.** 2023_UAD_303012_1, **5.** 2023_UAD_303029_1, **6.** 2023_UAD_303037_1, **7.** 2023_UAD_303050_1 दिनांक 29.08.2023 से 12.09.2023 समय 5.30 बजे तक
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र में नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाईल नं. 9425044254 पर संपर्क करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, हरदा**
**अंशुल आलोक गोयल, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा**
**भारती राजू कमेडिया, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा**

**Short term notice Inviting e-Tenders/Tenders**
Madhya Pradesh Poorv Kshetra Vidyut Vitaran Company Limited Civil Works Department,
Office of the S E Civil Sagar Mobile no.94256 13941 Email ID –ez.secivilSagar@gmail.com
No 155/0200/PS /e-tender/ 404 Sagar, dt 31.08.23

The e-tenders are invited from the bidders should have valid registratiion within the Govt.of Madhya Pradesh , PWD/ Madhya Pradesh poorva Kshetra vidhyut vitran company limited/ Successor companies of Madhya pradesh state electrictiy Board . The rate is to be quoted at par / above / below percentage of Building Schedule of rates of PWD of Govt. M.P. & Base rate with effect from 01.12.20 accepted on dt. 20.05.22 with upto date ammendments and Base rate, as per Bill of quantity . The details of works is as under:-

| S. No. | Tender Sepcification No. | | Name of Work | Distt. | Probable Amount (Rs. in Lakh) | The EMD shall be in the form of online payment using debit card/ internet banking or system generated | Cost of bid document. | Category of Contractor | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 155/0200/ pur./ dt. 31.08.23 | 10 | Constn .of Addl.hall for extension of LTMT lab & other civil work at Chhatarpur. | Chhatarpur | 7.95 | 8,000 | 500+90 GST =590 | "C" Class & above in MPPWD or "appropriate" Class in MPPKVVCL / Succesor company of MPSEB | 03 month i/c rainy season |
| 2 | 155/0200/ pur./ dt. 31.08.23 | 11 | Constn. Of 33/11KVs/ stn.& other various civil work at Panna Distt. Panna. | Panna | 21.98 | 22,000 | 1000+ 180 GST=1180 | "C" Class & above in MPPWD or "appropriate" Class in MPPKVVCL / Succesor company of MPSEB | 03 month i/c rainy season |

1. Interested bidders can view and download the NIT from website www.mptender gov.in from 01.09.23/17.30 hrs. to 08.09.23/17.30 hrs
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper

**S.E.(CIVIL)**
**M.P.P.K.V.V.CO.LTD., SAGAR**

भोपाल, मंगलवार 5 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मराठा आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा घिरी

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के मुद्दे ने जिस तरह तूल पकड़ लिया है, उससे एक बार फिर भाजपा सरकार की अक्षमता साबित हुई है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में यानी 1 सितंबर को जालना के अंबाद तहसील के अंतरवाली सारथी गांव में मराठा आरक्षण की मांग पर हिंसा भड़क गई थी। आरोप है कि आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए और कथित तौर पर उन पर पथराव किया। पुलिस ने बाद में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जिसमें लगभग 20 प्रदर्शनकारी और 37 पुलिसकर्मी घायल हो गए। 15 से अधिक राज्य परिवहन बसों को आग लगा दी गई। पुलिस ने कहा कि हिंसा के सिलसिले में 360 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। भाजपा सरकार ने शायद इस बात की उम्मीद की थी कि बल प्रयोग के बाद मामला शांत हो जाएगा, लेकिन हुआ इसका उल्टा। अब मामला इतना बढ़ गया है कि गठबंधन सरकार के घटक दलों यानी भाजपा, शिवसेना, और एनसीपी अलग-अलग राह पर चल रहे हैं। और इनके अलावा मनसे के राज ठाकरे जैसे कुछ और किरदार इस मामले में अहम भूमिका में आने की कोशिश में दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए तो यह चुनौती है ही, साथ ही यह भाजपा नेतृत्व के लिए भी गंभीर संकट है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों में एक के बाद एक हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर के हालात अब तक संभले नहीं हैं। हरियाणा में नूंह की हिंसा के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और सांप्रदायिक वैमनस्य की जो लकीर खींच दी गई है, वो न जाने कब मिटेगी। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, असम जैसे राज्यों से वंचित समुदायों पर अत्याचार की खबरें जब-तब आती रहती हैं। कहा जा सकता है कि जिस डबल इंजन सरकार का दंभ प्रधानमंत्री मोदी कई मंचों से भरते आए हैं, उसमें खोखलेपन के सिवा कुछ नहीं है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता द्वारा निर्वाचित सरकार की जवाबदेही जनता के प्रति हो, तो काम अच्छे से चलता है। लेकिन जब डबल इंजन कहकर उस पर पार्टी विशेष का ठप्पा लगाया जाता है, तो फिर हालात इसी तरह बेकाबू होते हैं, जैसे मणिपुर में हो चुके हैं और अब महाराष्ट्र में हो रहे हैं।

मराठा आरक्षण की मांग महाराष्ट्र मंडल आयोग के बाद से ही उठनी शुरु हुई है। महाराष्ट्र की राजनीति में मराठा समुदाय का दबदबा रहा है, लेकिन मराठा शिक्षा और सरकारी नौकरी में भी अपने लिए आरक्षण की मांग करते रहे हैं। 2012 में मराठा आरक्षण की मांग ने तूल पकड़ा, तब राज्य में कांग्रेस-एनसीपी की सरकार थी और अगले चुनाव में उसे जीतना मुश्किल लग रहा था। पृथ्वीराज चव्हाण सरकार ने कांग्रेस नेता और मंत्री नारायण राणे की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई। कमेटी के सुझाव के आधार पर मराठा समाज को सरकारी नौकरियों में और शिक्षा संस्थाओं में 16 प्रतिशत आरक्षण मंजूर कर अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसी कमेटी की सिफारिश पर मुसलमानों को भी 5 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की गई। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस एनसीपी अपनी सरकार नहीं बचा पाई। 2014 में राज्य में भाजपा-शिवसेना की सरकार बनी और देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री बने। 2018 में फिर मराठा आरक्षण के लिए बड़ा आंदोलन हुआ था. इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा में विधेयक पारित किया और राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में मराठाओं को 16 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। इस के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरक्षण रद्द नहीं किया था। हालांकि, इसे घटाकर शिक्षण संस्थानों में 12 प्रतिशत और सरकारी नौकरियों में 13 प्रतिशत कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा था कि अपवाद के तौर पर 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार की जा सकती है। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने मराठा आरक्षण के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। अब एक बार फिर मराठा समुदाय आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर उतरा। लेकिन इस बार घटनाओं ने अप्रिय मोड़ ले लिया है।

प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज गठबंधन वाली भाजपा सरकार पर भारी पड़ता दिख रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सरकार को हड़बड़ी में एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर अपनी सफाई पेश करनी पड़ी। भाजपा खुद को आरक्षण की राजनीति के पीड़ित के तौर पर पेश करती दिख रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जालना में जो घटना हुई वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। कोई भी इस तरह की हिंसात्मक कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकता। हमने पहले कभी बल प्रयोग नहीं किया था। न ही अब करने का इरादा है। श्री फड़णवीस हिंसात्मक कार्रवाई को गलत बता रहे हैं, लेकिन पहले उन्होंने ही कहा था कि गांववालों ने लाठी चार्ज किया तो पुलिस को बलप्रयोग करना पड़ा। राज्य के उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना का राजनीतिकरण किया गया। एक नैरेटिव सेट किया गया कि लाठीचार्ज का आदेश गृह मंत्री विभाग और मंत्रालय से दिया गया था। विरोधियों को भी पता है कि ऐसे आदेश एसपी और डिप्टी एसपी के स्तर से आते हैं। दरअसल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सवाल उठाए गए थे कि किसके आदेश पर लाठीचार्ज हुआ। अब श्री फड़णवीस इसका जिम्मा एसपी और डीएसपी पर डाल रहे हैं। उनसे पूछा जा सकता है कि क्या राज्य की पुलिस सरकार के नियंत्रण से परे है, जो स्वतंत्र रूप से इतना बड़ा फैसला ले ले।

जिस तरह मणिपुर में भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ती रही है और कभी आंदोलनकारियों पर, कभी पुलिस पर हालात बिगाड़ने का इल्जाम लगता रहा है, वही टालमटोल का रवैया महाराष्ट्र में दिख रहा है। एक मुख्यमंत्री और दो-दो उपमुख्यमंत्रियों के रहते अगर लाठीचार्ज जैसे फैसलों की भनक सरकार को न लगे, तो क्या इसे सरकार की अक्षमता नहीं माना जाना चाहिए। बहरहाल इस मामले में कुछ अधिकारियों पर सरकार ने कार्रवाई की है और मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने प्रदर्शनकारियों से कहा है कि हम मराठा आरक्षण और अदालत को समझाने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि और दस्तावेजीकरण प्रदान करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम आश्वासन देते हैं कि मराठा आरक्षण प्रदान करने के लिए जो भी करना होगा हम करेंगे। मैं मराठा समुदाय से हमारे साथ धैर्य रखने की अपील करता हूं।

मुख्यमंत्री की धैर्य की अपील कितनी कारगर होगी, ये देखना होगा। फिलहाल अगले चुनाव के पहले मराठा आरक्षण का मुद्दा फिर खड़ा होना भाजपा के लिए बड़ी चेतावनी बन चुका है।

# संसद का विशेष सत्र या संसदीय व्यवस्था से सनकी खिलवाड़

अमेरिका पर आतंकवादी हमले के बदले के नाम पर, 2002 के आखिरी और 2003 के शुरू के महीनों में अमेरिका ने जब इराक के खिलाफ हमला किया था, उस समय उसकी 'शॉक एंड ऑ' यानी हैरतज़दा और खौफज़दा करने बल्कि हैरत से खौफज़दा कर देने की सामरिक रणनीति की बहुत चर्चा थी। इस रणनीति के पीछे मूल विचार यह था कि हमला इतना अप्रत्याशित रूप से भीषण हो कि उसका निशाना बनने वाला किसी तरह का मुकाबला कर ही नहीं पाए। अमेरिका की उक्त सैन्य रणनीति को इराक में या उसके बाद के भी उसके प्रयोगों में क्या और किस हद तक सफलता मिली, इस पर तो बहस हो सकती है। लेकिन, कम से कम इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी को, हैरतज़दा और खौफज़दा करने की इस रणनीति का सहारा लेना काफी पसंद है। इसकी ताजातरीन मिसाल, 18 से 22 सितंबर तक, संसद का पांच दिन का विशेष सत्र बुलाने का मोदी सरकार का पूरी तरह से हैरान करने वाला फैसला है। इस फैसले की घोषणा भी संसदीय कार्यमंत्री द्वारा पहले ट्विटर रहे और अब एक्स बच चुके सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से की गई। हां! इसे संयोग मानना मुश्किल है कि यह घोषणा ठीक उसी दिन की गई, जिस दिन मुंबई में विपक्षी मोर्चे, इंडिया की दो दिनी बैठक शुरू होनी थी! हालांकि, यह मानना भी आसान नहीं है कि संसद के पांच दिन के विशेष अधिवेशन का फैसला, सिर्फ विपक्षी बैठक की खबरों की ओर से ध्यान हटाने के लिए किया जा सकता है।

बहरहाल, संसद के विशेष सत्र के इस फैसले में हैरान करने वाले तत्व का पूरा ख्याल रखा गया है। वास्तव में सहज ही इस फैसले ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इससे पहले लिए गए ऐसे ही एकदम अप्रत्याशित दो और फैसलों की याद दिला दी है-2016 का पांच सौ और हजार रुपए के नोटों की नोटबंदी का फैसला और 2020 के मार्च-अप्रैल का चालीस दिन के पूर्ण देशव्यापी लॉकडाउन का फैसला। इन दोनों फैसलों से देश भर में आम लोगों को जिस तरह की असह्य तकलीफें झेलनी पड़ी थीं, उन्हें लोग आसानी से भूल नहीं सकते हैं। बेशक, इन तकलीफों को साक्ष्य बनाकर, सत्ताधारी पार्टी द्वारा अपने सुप्रीमो की 'बड़े फैसले लेने वाले' नेता की छवि बनाने की कोशिशों को भी देश ने कुछ हैरत से और ज्यादा अविश्वास से देखा। लेकिन, अंधाधुंध इस तरह के फरमान जारी करना, नेता की निर्णायकता का कम और उसकी मनमानी का ही साक्ष्य ज्यादा था, जो जनतंत्र और पारदर्शिता के घोर अभाव की बीमारी का, सहज पहचाने वाला लक्षण है। आगे चलकर, तीनों विवादित कृषि कानूनों के रूप में इसी बीमारी का एक और लक्षण सामने आया, लेकिन किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन ने उस मामले में सत्ता में बैठे सुप्रीमो के फरमान को न सिर्फ नामंजूर कर दिया बल्कि उसे अपना फरमान वापस लेने पर भी मजबूर कर दिया। लेकिन, इसके बाद भी मोदी राज ने लोगों को हैरतज़दा और खौफज़दा करने वाले फैसलों का सहारा लेने की अपनी रणनीति को छोड़ा नहीं है, संसद का रहस्यमय तरीके से बुलाया जा रहा विशेष सत्र इसी का सबूत है।

इस पूरे मामले में इस हद तक रहस्य बनाए रखा गया है कि लगता नहीं है कि विशेष सत्र की घोषणा करते हुए, खुद संसदीय कार्यमंत्री तक को इसका पता था कि इस सत्र में होगा क्या? कहने की जरूरत नहीं है कि इससे पहले कभी संसद का विशेष सत्र इस तरह रहस्यमय अंदाज में नहीं बुलाया गया। इसके उलट, संसद के सभी सत्र सामान्यत: सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों से चर्चा के रास्ते पर चलते हुए, आयोजित किए जाते हैं। आखिरकार, संसद की सार्थकता ही जनता के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनता के सामने, शासन के काम-काज की जवाबदेही सुनिश्चित करने में है। और इस जवाबदेही के लिए, संसद का सारा काम-काज ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी तरीके से होना सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। यह पारदर्शिता सिर्फ संसद की कार्रवाई संसदीय टीवी पर दिखाने में नहीं है बल्कि जनता के प्रतिनिधियों के साथ अधिकतम-संभव जानकारियां साझाकर, उनके बीच ज्यादा से ज्यादा जानकारीपूर्ण चर्चा से, शासन के अनुशासित होने में है। यहां विशेष सत्र की तारीखों की घोषणा के कई दिनों बाद तक और जाहिर है कि बार-बार विपक्ष द्वारा ही नहीं बल्कि मीडिया द्वारा भी पूछे जाने के बावजूद, इसका कोई इशारा तक नहीं है कि विशेष सत्र में होगा क्या? संसदीय व्यवस्था के साथ सनकी खिलवाड़ का इमर्जेंसी के बाद इससे भद्दा दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा।

लेकिन, अमेरिकी सामराजियों से उधार ली गई रणनीति, सिर्फ हैरतज़दा करने की नहीं है। वह तो हैरतज़दा करने के जरिए, खौफज़दा करने की रणनीति है। संयोग ही नहीं है कि संसद के विशेष सत्र की तारीखों की घोषणा के साथ ही, इसकी खबरें तेज हो गईं कि मोदी सरकार, 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर कुछ करने जा रही है। यह जैसे इसकी अटकलों का बाजार गर्म करने के लिए इशारा था कि शायद विशेष सत्र, इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुलाया जा रहा है! मोदी सरकार ने जिस तरह सिर्फ अपने संख्याबल के सहारे, वास्तव में बहुमत की तानाशाही के बल पर, धारा-370 के खत्म किए जाने तथा जम्मू-कश्मीर के तोड़े जाने, संशोधित नागरिकता कानून से लेकर, तीन कृषि कानूनों समेत, अनेक विधेयकों को बिना बहस के ही या समुचित बहस के बिना ही संसद पर थोपा है, उसे देखते हुए प्रस्तावित विशेष सत्र को लेकर इस तरह की आशंकाएं पैदा होना अस्वाभाविक नहीं था। और सत्ताधारी दल तथा सरकार ने अपनी ओर से इन आशंकाओं को हवा देने का ही काम किया है।



राजेंद्र शर्मा

> संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र में क्या सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मामले में कोई कदम उठाएगी या इस विशेष सत्र में क्या होगा, यह अब भी अटकलों के ही दायरे में है। लेकिन, इस सत्र में चाहे इस मामले में कुछ हो न हो, पर इतना तय है कि 'एक देश, एक चुनाव' के अपने नारे को अमल में उतारने की ओर, मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है।

भारतीय जनतांत्रिक व्यवस्था की परंपराओं से एक और गंभीर विचलन में, अचानक यह खबर आई कि सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर, सेवानिवृत्त राष्ट्रपति, कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने जा रही है। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली ही बार है जब किसी पूर्व-राष्ट्रपति को, सरकार की ओर से इस तरह किसी काम की आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई हो। आखिरकार, राष्ट्रपति के रूप में पूरे शासन के ही प्रमुख रहे व्यक्ति से, उस शासन के किसी एक अंग के सामने रिपोर्ट करने या उसे रिपोर्ट देने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? लेकिन, बात इतने तक ही सीमित नहीं रही। पूर्व-राष्ट्रपति का नाम आने के बाद, कमेटी की विचार शर्तों और उसके दूसरे सदस्यों के नाम आने में भी करीब बहत्तर घंटे लग गए। लेकिन, इन बहत्तर घंटों में इसकी अटकलें अगर कुछ कम भी हुई थीं कि मोदी सरकार प्रस्तावित विशेष सत्र में 'एक चुनाव' की ओर कोई कदम बढ़ा सकती है, तो कमेटी के अन्य सदस्यों के नामों की घोषणा ने, दोबारा प्रस्तावित सत्र को लेकर आशंकाओं को तेज कर दिया। इस कमेटी में, खासतौर पर संविधान, कानून तथा संसदीय मामलों के विशेषज्ञों के तौर पर ऐसे लोगों के शामिल किए जाने से, जो पहले ही 'एक देश, एक चुनाव' के पक्ष में सार्वजनिक रूप से दलीलें रख चुके हैं, एक प्रकार से पहले ही यह सुनिश्चित किया जा चुका है कि कमेटी क्या रिपोर्ट देगी।

हैरानी की बात नहीं है कि कमेटी में रखे गए एकलौते विपक्षी नेता, लोकसभा में कांग्रेस के दल के नेता, अधीर रंजन चौधुरी ने खुद को यह कहते हुए इस कमेटी से अलग कर लिया कि कमेटी के गठन में ही, उसका निष्कर्ष पहले ही तय किया जा चुका है। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता को इस कमेटी में शामिल नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया। जाहिर है कि इस कमेटी के गठन में इसका कोई प्रयास ही नहीं था कि इसमें संसद में प्रतिनिधित्व-प्राप्त प्रमुख राजनीतिक दृष्टियों का प्रतिनिधित्व हो। वास्तव में संसदीय समिति में और विधि आयोग में इस मुद्दे पर लंबी चर्चा के बाद भी मोदी सरकार, उसी तरह से पूरी तरह से मनमाफिक सिफारिश हासिल नहीं कर पाई थी, जिस तरह समान नागरिक संहिता के मामले में नहीं कर पाई थी। इसीलिए, अब पूर्व-राष्ट्रपति की अध्यक्षता में एक ऐसी कमेटी गठित की गई है, जो इस मामले में मोदी सरकार के कदम आगे बढ़ाने का रास्ता बनाएगी।

बेशक, संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र में क्या सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मामले में कोई कदम उठाएगी या इस विशेष सत्र में क्या होगा, यह अब भी अटकलों के ही दायरे में है। लेकिन, इस सत्र में चाहे इस मामले में कुछ हो न हो, पर इतना तय है कि 'एक देश, एक चुनाव' के अपने नारे को अमल में उतारने की ओर, मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है।

यह दूसरी बात है कि यह अपने सार में ही न सिर्फ सरासर अलोकतांत्रिक तथा संघीय व्यवस्थाविरोधी-संविधानविरोधी है, यह पूरी तरह से अव्यावहारिक भी है, जिसके लिए पांच संविधान संशोधनों की और देश के आधे से ज्यादा राज्यों के अनुमोदन की जरूरत होगी। यह फिलहाल इसे लागू करना लगभग नामुमकिन बना देता है। इसके बावजूद, मोदी सरकार अगर इसके लिए इतनी उतावली हो रही है, तो यह मोदी राज की चौतरफा विफलताओं के बीच, विपक्ष की बढ़ती एकता और उसके एकजुट प्रहारों से, मौजूदा निजाम और उसके संचालक, संघ-परिवार की घबराहट को ही दिखाता है। बदहवासी में वे अपने जाने-पहचाने पुराने मुद्दों पर हाथ मार रहे हैं, शायद कोई मुद्दा काम कर जाए। डूबते को तिनका भी सहारा लगता है। यह दूसरी बात है कि डूबने से तिनकों के सहारे अब तक कोई बचा नहीं है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# विपक्ष पर हावी होने की रणनीति अपना रहे प्रधानमंत्री मोदी

■ के रवीन्द्रन

इस महीने के अंत में बिना बारी के संसद का सत्र बुलाने और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की नीति लागू करने की संभावना का अध्ययन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के नरेंद्र मोदी सरकार के नाटकीय कदम विवादास्पद प्रस्ताव पर आगे बढ़ने का कोई वास्तविक इरादा रखने के मुकबले विपक्ष को मानसिक रूप से 'झटका देने और हतप्रभ करने' की नीति का हिस्सा हो सकते हैं।

इन दोहरे फैसलों को व्यापक रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों को आगे बढ़ाने के अग्रदूत के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इस तरह के कठोर कदमों की व्यावहारिकता पर गंभीर सवाल उठते हैं। यह स्पष्ट है कि नाटक का समय विपक्षी दलों के भारतीय गुट के मुंबई सत्र के साथ-साथ चुना गया है, जिससे साफ होता है कि ये विपक्षी एकता के प्रयासों को विफल करने के लिए हैं, जो उस तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं जो प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सत्तारूढ़ पार्टी के लिए सबसे असुविधाजनक है।

> जहां तक सदमा और आघात की रणनीति का सवाल है मोदी के लिए बहुत अच्छा है, परन्तु देश की सभी परिस्थितियां और बाधाएं 'एक-राष्ट्र, एक-चुनाव' नीति को शीघ्र अपनाने के विरुद्ध हैं। उपलब्ध सीमित समय सीमा के साथ-साथ विचार-विमर्श और विधायी प्रक्रियाओं की सीमा इतने बड़े बदलाव के लिए आवश्यक जरूरतों को महज एक विशेष सत्र में हासिल कर लेने को लगभग असंभव बना देती है, सिवा इसके कि कुछ शोर-शराबा किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि 'झटका देने और हतप्रभ करने' की वह सैन्य अभिव्यक्ति ही थी, जिसे पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव रोनाल्ड रम्सफेल्ड ने लोकप्रिय बनाया था, जिन्होंने अफगानिस्तान पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर संदर्भ के अंदर और बाहर इसका प्रचुर मात्रा में उपयोग किया था, जिससे घटनाक्रम की एक ऐसी श्रृंखला शुरू हुई जिसने विश्व के समसामयिक इतिहास को बदल दिया, जिसने इस विश्व को रहने के लिहाज से और अधिक खतरनाक जगह बना दिया, राष्ट्रों को नष्ट किया गया और विश्व के विभिन्न हिस्सों में आतंकवाद के पनपने के लिए परिस्थितियां बनीं। अमेरिका और पूरी दुनिया को इस गलत कदम की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

यह कोई भी अनुमान लगा सकता है कि मोदी सरकार की 'भय और आघात' नीति के समान परिणाम ही होंगे। उनका इरादा स्पष्ट है – भ्रम और अराजकता पैदा करें और विपक्षी एकता की प्रक्रिया को बाधित करें। वास्तव में, मुंबई सत्र से उभरते राजनीतिक परिदृश्य को संबोधित करने के लिए कार्यवाही को फिर से तैयार करना पड़ा। इसने सीट-बंटवारे को अन्य कम महत्वपूर्ण मुद्दों से पहले अंतिम रूप दे दिया है, जैसे कि मोर्चे के लिए एक राष्ट्रीय संयोजक का चयन और साथ ही एक साझे प्रधानमंत्री पद के चेहरे के साथ चुनाव लड़ने की आवश्यकता।

जहां तक सदमा और आघात की रणनीति का सवाल है मोदी के लिए बहुत अच्छा है, परन्तु देश की सभी परिस्थितियां और बाधाएं 'एक-राष्ट्र, एक-चुनाव' नीति को शीघ्र अपनाने के विरुद्ध हैं। उपलब्ध सीमित समय सीमा के साथ-साथ विचार-विमर्श और विधायी प्रक्रियाओं की सीमा इतने बड़े बदलाव के लिए आवश्यक जरूरतों को महज एक विशेष सत्र में हासिल कर लेने को लगभग असंभव बना देती है, सिवा इसके कि कुछ शोर-शराबा किया जा सकता है। बेशक, सत्तारूढ़ दल वर्तमान लोकसभा के कार्यकाल के अंत तक इंतजार न करने का निर्णय ले सकता है, लेकिन उचित संख्या में राज्यों में भी एक साथ चुनाव का मतलब होगा कि कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को बढ़ाना या कम करना। दोनों स्थितियों में राज्यों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत द्वारा अनुसमर्थित संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी।

यह व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता है, लेकिन राज्यों के एक समूह में चुनावों को संसदीय चुनावों के साथ मेल कराने की एक अलग संभावना है। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना तो अभी बहुत दूर की बात है। इस साल पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए चुनाव होने हैं, जबकि सात राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के साथ अगले साल समाप्त हो जायेगा। अगले साल जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और अरुणाचल में भाजपा सत्ता में है, जबकि ओडिशा और आंध्र में उन पार्टियों का शासन है जो भाजपा के करीब हैं और कार्यकाल जल्दी खत्म करने के सुझाव पर सहमत हो सकती हैं।

दरअसल, विधि आयोग ने एक ही वर्ष में चुनाव होने वाले सभी राज्यों को एक साथ जोड़ने का सुझाव दिया था। हालांकि यह सच है कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव होते थे, लेकिन इस समय देश में जो राजनीतिक माहौल बन रहा है, वह ऐसी किसी संभावना के लिए खुद को तैयार नहीं करेगा। 1967 तक एक साथ चुनावों की अवधि के दौरान, कांग्रेस पार्टी ज्यादातर राज्यों में सत्ता में थी और केंद्र और राज्यों दोनों में एक ही पार्टी के सत्ता में होने से स्थिरता का आनंद लेती थी। स्थिति में भारी बदलाव इस तथ्य के कारण हुआ है कि देश के विभिन्न हिस्सों में शक्तिशाली क्षेत्रीय दल उभरे हैं, जो अक्सर केंद्र में सत्तारूढ़ दल के साथ आमने-सामने नहीं मिलते हैं, जिससे एक साथ कार्यकाल चलाना मुश्किल हो जाता है।

केंद्र-राज्य संघर्ष अक्सर अवांछित अस्थिरता पैदा करता है, जिससे ऐसे मुद्दों पर कोई आम सहमति हासिल करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, देश में राजनीति की प्रकृति केन्द्रीय से अधिक क्षेत्रीय हो गई है। इस प्रक्रिया में राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल में कोई एकरूपता नहीं आ रही है। नये सुझावों के बारे में शायद एक अच्छी बात यह है कि पारंपरिक अविश्वास प्रस्ताव की अवधारणा को एक अन्य प्रस्ताव के साथ जोड़ा जाये जो नई सरकार में विश्वास व्यक्त करता है ताकि सदन के समय से पहले भंग होने की संभावना से बचा जा सके। जबकि विधि निर्माता आमतौर पर कार्यकाल को कम करने के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि इससे उनके भविष्य के वित्तीय अधिकार प्रभावित होंगे, नयी सरकार के कार्यभार संभालने की संभावना के कारण मौजूदा व्यक्ति के पद छोड़ने से, विशेषकर राज्यों में, अधिक स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

## शिक्षक दिवस

# जिम्मेदार नागरिक बनाने का शिल्पकार होता है शिक्षक

किसी भी राष्ट्र की उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिक सामाजिक, बौद्धिक व चारित्रिक स्तर पर कितने समृद्ध हैं। ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक ज्ञान आदि के जरिए ही मानव ज्ञानी, विवेकी, सक्षम और चरित्रवान बनता है। मानव को अच्छा इंसान बनाने में औपचारिक व अनौपचारिक रूप से शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। बिना शिक्षा के मानव पशु के समान है।

आदिकाल से ज्ञान के बल पर ही विश्व ने अनेकश: अनुसंधान और नए-नए आविष्कार किए हैं। मानव केवल रोटी, कपड़ा और मकान तक सीमित नहीं रहा अपितु वह तमाम भौतिक और आध्यात्मिक चीजों की खोज करके मानव जीवन व समस्त धरती को सुख-सुविधाओं से संपन्न किया है। वैज्ञानिक से लेकर दार्शनिक तक ने गुरु की दीक्षा व मार्गदर्शन से ही वांछित लक्ष्य को प्राप्त किया है। हमारे देश में प्राचीन समय से गुरु के महत्व को स्वीकार किया गया है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि गुरु वह नहीं जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक गुरु तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए दुनियाभर में बाल मनोविज्ञान और शिक्षा पद्धति पर नित्य नए-नए अनुसंधान हो रहे हैं। आज की शिक्षा बाल केंद्रित है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भाषा कौशल, तकनीकी कौशल, जीवन कौशल, सामाजिक मूल्य, शैक्षिक भ्रमण, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, आईटी शिक्षा आदि शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस परिवर्तन से बच्चों का आईक्यू लेवल काफी बढ़ा है। बच्चों में इमेजिंग क्षमता और अभिव्यक्ति कौशलों का भी तेजी से ग्रोथ हुआ है। पहले पढ़ाई के प्रति रूचि का अभाव रहता था। आज वही बच्चे शिक्षा लेने के लिए स्कूल से लेकर ट्यूशन तक काफी सक्रिय रहते हैं लेकिन यह विडंबना ही है कि आज की शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के संपन्न परिवार के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में पठन-पाठन कर रहे हैं। इससे इतर गरीब, मजदूर व मध्यम किसान वर्ग के नौनिहालों की शिक्षा पूर्णत: सरकारी विद्यालयों पर निर्भर है। आजादी के सात दशक उपरांत हमने जितनी तरक्की कर ली हो, लेकिन आज भी यह हकीकत है कि भारत में दो तरह की शिक्षा व्यवस्था लागू है। एक ही गांव से कुछ संपन्न बच्चे प्राइवेट स्कूल जाते हैं, तो दूसरी ओर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार के बच्चे सरकारी स्कूल जाते हैं।

एक समय में नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय आदि की पूरी दुनिया में धाक रही है। ऐसे में संकल्प लेने की जरूरत है कि शिक्षा की लौ जलाने में स्थानीय लोग भी शैक्षिक विकास की दिशा में सहभागिता व सक्रियता निभाएं। शिक्षक व शिक्षालय के जरिए ही राष्ट्र के नागरिक जागरूक, सशक्त, स्वावलंबी एवं जिम्मेदार बन सकते हैं। वास्तव में, एक शिक्षक ही देश के ज़िम्मेदार नागरिक तैयार करने का असली शिल्पकार है।

**अमृतांज इंदीवर**

## आपके पत्र

# आरक्षण की मांग सड़कों पर उतरी, तोड़फोड़ और आगजनी से जनजीवन आहत

आरक्षण की मांग इस देश में नई नहीं है। हर समुदाय अपने परिवार के भावी जीवन को संवारने आरक्षण के लिए सड़कों पर उतरता देखा जा रहा है। मराठा आरक्षण आंदोलन सुलग उठा। मनोज जरांगे के नेतृत्व में आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठी भांजी। मराठा आरक्षण को 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की मांग को खारिज कर दिया था। 2018 में मराठा आरक्षण बिल पास किया गया था। शैक्षिणक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया। इस बिल के खिलाफ मेडिकल छात्र मुम्बई हाईकोर्ट में चले गए। कोर्ट ने 2019 में इसे घटाकर तर्क दिया गया कि 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार होती है तो इसमें सुप्रीम कोर्ट की इंदिरा साहनी केस और मंडल कमीशन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होता है। महाराष्ट्र में पहले से 52 फीसदी आरक्षण चला आ रहा है। जो देश में सबसे ज्यादा है। अनुसूचित जाति 15 फीसदी, अनुसूचित जनजाति 7.5 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग 27 फीसदी और अन्य 2.5 फीसदी लागू है। लेकिन मराठा समुदाय सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने और आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। मराठा महाराष्ट्र में 30 प्रतिशत आबादी के धनी है। किसान जमींदार के इस वर्ग की सरकार से आरक्षण की मांग है। 2018 से मराठा आरक्षण को लेकर बहुत बड़ा आंदोलन हुआ था।

प्रदेश में ज्यादातर मुख्यमंत्री मराठा रहे हैं और प्रदेश की राजनीति में मराठाओं का बहुत बड़ा प्रभाव है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मराठा आरक्षण के पक्ष में हैं। लेकिन ये नेता मजबूर हैं क्योंकि यह केस सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राज्यसेवाओं में 2 फीसदी पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान किया गया है तो 19 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। मिजोरम, नगालैंड में ओबीसी कैटेगरी नहीं है। केरल में 40 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण राज्य सेवाओं में मिल रहा है। मेघालय में किसी भी समुदाय आरक्षण का प्रावधान नहीं है। बिहार में आरक्षण कोटा कुल 33 प्रतिशत है। महाराष्ट्र की लड़ाई राज्य सरकार से है लेकिन यह पेंच सुप्रीम कोर्ट में अटका हुआ है जिसके कारण सरकार भी मजबूर है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार–समाचार

### वाल्मिकी समाज ने निकाली शोभायात्रा



**सिरोंज, देशबन्धु।** सोमवार को वाल्मिकी समाज द्वारा गोगा महाराज की जंयती गोगा पंचमी के उपलक्ष्य में नगर के छत्रीनाका चौराहा से मुख्य बाजार होते हुए नवीन बसस्टैंड तक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विदिशा, कुरवाई, बीना, सागर एवं भोपाल के समाजजनों ने अपने यहां के निशान लाकर शोभायात्रा में शामिल कर मुख्य बाजार से डीजे की धुन व जयकारों के साथ मुख्य बाजार में से समाजजनों ने उत्साहपूर्वक निकालें। जिसमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। गोगा महाराज की शोभायात्रा का युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल ने सिनेमा चौराहा पर फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया। विहिप पदाधिकारी राकेश सक्सेना, अनिल राठौर, प्रदीप राठौर, जगदीश शाक्य आदि ने हारफूल बरसाकर स्वागत किया।

### राशि प्रदान की

**सिरोंज, देशबन्धु।** उप वन मण्डल अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशन से तेंदुपत्ता संग्रहण समिति टोरी बागरोद में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अन्तर्गत वर्ष 2022 के तेंदुपत्ता संग्राहकों को जूता, चप्पल, साड़ी, पानी की बाटल का वितरण शफीक अहमद परिक्षेत्र सहायक सिरोज एवं पार्वती साहू सरपंच ग्राम पंचायत टोरी बागरोद द्वारा किया गया। छाता की राशि 200 रुपए प्रत्येक संग्राहक के खाते में जमा की गई है।

### गायत्री साधना करने वाला जो ठान ले उसमें सफल हो जाता है: पं. तिवारी

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया गया है। प्रज्ञा पुराण में पंडित प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि गायत्री की साधना करने वाला व्यक्ति को कभी निराश का सामना नहीं करना पड़ता। गायत्री साधना करने वाला व्यक्ति जो ठान लेता है वह निश्चित ही उसे कार्य में सफलता प्राप्त कर लेता है। कथा 7 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 तक की जाएगी। कथा में मुख्य ट्रस्टी एडवोकेट श्याम सुंदर माथुर, उप मुख्य ट्रस्टी जयराम अहिरवार, ब्लॉक समन्वयक महाराज सिंह पटेल, कथा संयोजक तेज नारायण श्रीवास्तव, ट्रस्टी गण महाराज सिंह दांगी,रघुवीर सिंह परिहार, लक्ष्मी शर्मा, पूनम तिवारी परिब्राजक बसंत कुमार पांडे, वरिष्ठ परिजन एनपीएस तोमर, एसके सैनी, , धनराज सोनी सीमा सोनी राकेश पांडेय , सपना पांडे, संगीता शर्मा, शांति सिंह सहित कई परिजन मौजूद थे।

# योजनाओं की जानकारी जन–जन तक पहुचाएं : डॉ. चौधरी

▸ स्वास्थ्य मंत्री ने जनसेवा मित्रों को प्रदान किए नियुक्त पत्र

**रायसेन, देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा नगर स्थित स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय में आयोजित नवनियुक्त मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों एवं पूर्व से नियुक्त मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों के एक्सटेंशन पत्र वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने उपस्थित जनसेवा मित्रों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, कार्यक्रमों को जन–जन तक पहुंचाने में जनसेवा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि जनसेवा मित्रों को सरकार द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है और जनसेवा मित्र इसे बखूभी पूरा कर रहे हैं। पूर्व से नियुक्त जनसेवा मित्रों द्वारा जनसेवा अभियान, विकास यात्राओं, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने के साथ ही आवेदन भरवाने और लाभ दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि लगभग छह महीने पहले जिन युवाओं का चयन मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में किया गया, उन्होंने बहुत अच्छा काम किया। पहले एक विकासखण्ड में 15 जनसेवा मित्र होते थे और अब 30 जनसेवा मित्र है। नवीन जनसेवा मित्र नियुक्त करने के साथ ही पूर्व में चयनित जनसेवा मित्रों की सेवा भी बढ़ाई गई है। जनसेवा मित्रों को जो ग्राम पंचायत कार्य करने के लिए दी गई हैं, उस पंचायत में लगातार भ्रमण करें। सभी से विनम्रता से बात कर योजनाओं के बारे में समझाइश दें और योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, लाड़ली बहना योजना,



सीखो–कमाओ सहित अन्य योजनाओं का भी उल्लेख किया। साथ ही क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे ने कहा कि शासन का काम योजनाओं को बनाना और लागू करना होता है तथा प्रशासन का काम इन योजनाओं को क्रियान्वित करना, धरातल पर उतारना है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि इनकी जानकारी सभी नागरिकों के पास हो, जिससे कि वह स्वयं भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। जनसेवा मित्र इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्त मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों एवं पूर्व से नियुक्त मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को शुभकामनाएं दीं। सीएम फेलो श्री आदर्श कुमार दुबे ने नवनियुक्त मित्रों को सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा किए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी गई। साथ ही पूर्व से नियुक्त जनसेवा मित्रों द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में भी अवगत कराया। सांची विकासखण्ड के जनसेवा मित्र मिथुन यादव ने भी कार्यक्रम में संबोधित किया।

**खरबई में शेड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन:** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा सांची जनपद की ग्राम पंचायत खरबई में तीन लाख रू लागत से बनने वाले सामुदायिक शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार द्वारा ग्रामों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यो को भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने विगत तीन वर्षो में खरबई सहित सांची विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास और निर्माण कार्यो का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

जनपद सीईओ को हटाने की कर रहे मांग

# सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों ने शुरू की कलम बंद हड़ताल



**गैरतगंज, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों ने सीईओ पर कार्रवाई न होने के विरोध में सोमवार से पंचायतों में तालाबंदी तथा कलम बंद हड़ताल प्रारंभ कर दी है। उनका आरोप है कि जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी युक्ति शर्मा द्वारा ग्राम पंचायतों में अपने अधिकार से हटकर नियमों को लागू किया जा रहा है। वही विकास कार्यो की फाइलों को लंबित कर ग्रामों के विकास में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। यही नही किसी भी कार्य को करने के बदले कमीशन की मांग की जा रही है। बीते शनिवार जनपद सभागार में चल रही तीनों संगठन की बैठक में सीईओ के आदेश पर कार्यालय से प्यून द्वारा बाहर करने का भी विरोध किया जा रहा है। हड़ताल में शामिल मध्यप्रदेश पंचायत संगठन के प्रदेश संयोजक संतोष रघुवंशी ने कहा कि सीईओ अपनी मर्ज़ी चला रही है। जो सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के हक में नही है। जैसा गैरतगंज जनपद में अधिकारी चुने हुए जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों पर हावी होने की कोशिश कर रहे है ऐसा कही नही है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज चौहान, गैरतगंज ब्लॉक सरपंच संगठन के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव प्रेम सिंह ठाकुर, सचिव संगठन के प्रदेश पदाधिकारी गौरी शंकर श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस दौरान संतोष रघुवंशी प्रदेश संयोजक, जितेन्द्र रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष, हेमराज सिंह चौहान ब्लॉक अध्यक्ष उदय पुरा, गैरतगंज सरपंच संघ अध्यक्ष जगदीश धाकड़, उपाध्यक्ष जिनेश जैन, प्रेम सिंह ठाकुर, नीतेश पटेल, सैयद मसूद अली पटेल, वीर सिंह लोधी, राहुल लौधी, अनिल साहू, गोपाल धाकड़, हरनाम लोधी, मनोज लोधी, नीलेश राय,नन्ने लाल अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# सरपंच संघ ने मांगों का निराकरण न होने पर जनपद में दिया धरना



**सिरोंज, देशबन्धु।** सरपंच संघ द्वारा एसडीएम सहित परियोजना अधिकारी व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि को तीन दिन पहले दिये गये ज्ञापन के बाद भी मांगों का निराकरण न होने के विरोध में सोमवार को जनपद प्रांगण में धरना प्रदर्शन सरपंच व उनके प्रतिनिधियों ने किया। सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले की सभी जनपदों में मनरेगा के अंतर्गत हितग्राही मूलक से लेकर पंचायतों के अधीन निर्माण कार्य शुरू न होने व निमाण कार्यों में जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा की जगह पंचायत के ठहराव प्रस्ताव पर ही निर्माण कार्य स्वीकृत करने आदि मांगे शामिल थी। सीईओ वंदना शर्मा ने धरना दे रहे सरपंचों से चर्चा कर उनकी मांगों के निराकरण का आश्वासन दिया। इसदौरान अध्यक्ष विक्रम धाकड़, अरविंद बघेल, सचिन, अनिल यादव, संजीव गुर्जर, धनसिंह यादव, बृजमोहन धाकड़, विक्रम परिहार, सत्यम सतनामी, अर्जुन राजपूत आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

**रायसेन, देशबन्धु।** सांची में 6 सितम्बर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में सांची सोलर सिटी उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कार्यक्रम आयोजन को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिशा–निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा सांची में समीप ग्राम आमखेड़ा स्थित खेल स्टेडियम पहुंचकर सांची सोलर सिटी उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर एसडीएम मुकेश सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# सुरेंद्र रघुवंशी की माता के निधन पर अर्पित की श्रद्धाजंलि

**सिरोंज, देशबन्धु।** कोलारस के वर्तमान विधायक वीरेंद्र रघुवंशी सिरोंज पहुंचे और यहां समाज जनों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी से जनसंवाद किया। समाज के वरिष्ठ लोगों ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष रघुवंशी का शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए विधायक रघुवंशी ने सिरोंज के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और टिकट के दावेदार सुरेन्द्र रघुवंशी से और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी की माता के निधन पर उनके घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार जनों को ढांढस बंधाया। विगत दिनों पहले भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए कोलारस विधायक और अखिल भारतीय रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में रघुवंशी समाज के सभी वरिष्ठ जनों से समाज के उत्थान के लिए कार्य करने को प्रेरित किया, तो वही देश– प्रदेश की राजनीति में रघुवंशी समाज के महत्वपूर्ण योगदान होने की बात भी रखी। वीरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि आज हमारे समाज को राजनीतिक दृष्टिकोण में पीछे धकेला जा रहा है तो वहीं भाजपा में हमारे समाज के कार्यकर्ताओं की किसी भी तरह से कोई सुनवाई नहीं होती। कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए वीरेंद्र रघुवंशी को कांग्रेस ने शिवपुरी विधानसभा से टिकट दिया है तो वही भाजपा पर आरोप लगाते हुए विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि भाजपा में हमेशा रघुवंशी समाज की उपेक्षा हुई। भाजपा में कभी भी रघुवंशियों को न ही संगठन में और ना ही शासन मैं कोई विशेष दायित्व दिया जाता। हमेशा रघुवंशी समाज की उपेक्षा ही की जाती रही है इसी पीड़ा के कारण मैं रघुवंशी समाज का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुआ हूं।



# 70 से अधिक युवाओं ने रक्तदान कर मनाया पूर्व विधायक जैन का जन्मदिन

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** 70 से अधिक युवाओं ने मानस भवन में रक्तदान कर कांग्रेस प्रदेश महासचिव और पूर्व विधायक निशंक जैन का जन्मदिन मनाया। इस अवसर उनके शुभचिंतकों, पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। देवदर्शन के बाद निशंक जैन मानस भवन पहुचें जहां ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, नगर अध्यक्ष सैयद अदनान, ब्लाक अध्यक्ष खिलान सिंह रघुवंशी और रक्तदान कार्यक्रम के प्रभारी बी डी शर्मा के नेतृत्व में युवक कांग्रेस और एन एस यू आई के विशेष सहयोग से निशंक जैन फैन्स क्लब के तत्वाधान में उनके शुभ चिंतकों एवं समर्थकों ने 70 से अधिक युवाओं ने रक्त दान किया एवं महिला कांग्रेस की ओर से शासकीय चिकित्सालय में फल वितरण कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। जैन के समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने नगर में बड़ी संख्या में होर्डिंग बैनर लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर विदिशा गंजबासौदा, गुलाबगंज, त्योंदा, ग्यारसपुर, हैदरगढ, कुरवाई, पठारी, उदयपुर, अम्बानगर, पथरिया, बम्होरी शाला, लटेरी, आनंदपुर, सिरोंज, शमशाबाद, नटेरन, सतपाडा हाट सहित अनेक स्थानों के युवक कांग्रेस, एनएसयुआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, अनुसुचित जाति, उद्योग एवं व्यापार आदि सभी विभागों, प्रकोष्ठों एवं संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बढ़ी संख्या में पहुंचकर जैन का फूल मालाओं शाल श्रीफल से स्वागत कर जन्मदिन मनाया। अनेकों संस्थाओं के प्रमुखों ने पहुंचकर लगभग 3 दर्जन से अधिक केक काटे। इस अबसर पर कुशवाह, बघेल, नामदेव एवं साहू समाज के सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

आयोजन में विदिशा के विधायक शशांक भार्गव, अशोक त्यागी, बाबूलाल वर्मा, रामकिशन दुबे, जिनेश जैन टिंगी, उमेश तिवारी, गोविन्द गुर्जर, संतोष पटेल, आशीष सहेले, अमित दुबे पट्ढू, प्रीति शर्मा, जीवनलाल शर्मा, मनोज अग्रवाल, अनीश भाई, स्वदीप रघुवंशी, महेश शर्मा, नितिन जैन, पवन रिछारिया, रणधीर सिंह रघुवंशी, विष्णुप्रसाद शर्मा, रवि यादव, महिला कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्ष मंजू कुशवाह, नगर अध्यक्ष श्वेता जैन, सरिता आर्य, सतीश कटारे, जगदीश व्यास आदि मौजूद रहे।



# मंडी शुल्क को लेकर व्यापारियों की हड़ताल, भोपाल में सौंपा ज्ञापन



**मुरैना, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी समितियों में शुल्क को लेकर प्रदेश व्यापी हड़ताल के तहत सोमवार को मुरैना जिले की सभी मंदिरों में व्यापारियों ने हड़ताल कर दी, जिससे किसानों को वापस अपने घर लौटना पड़ा। प्रदेश भर में हड़ताल के बाद मंडी बोर्ड भी बेचैन हो गया है तथा भोपाल में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंडी बोर्ड के एचडी को ज्ञापन दिया है तथा उन्होंने शीघ्र उनकी मांग का निराकरण करने की बात कही है।

ज्ञात रहे की कृषि मंडियों में व्यापारियों से डेढ़ प्रतिशत शुल्क लिया जा रहा है, जिसे एक प्रतिशत करने के लिए व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन मंडी बंद करने का ऐलान किया गया था। इसी के चलते सोमवार को प्रदेश भर के साथ–साथ मुरैना जिले की सभी कृषि मंडियां बंद रही तथा किसानों का अनाज नहीं खरीदा गया और उन्हें वापस घर लौटना पड़ा। व्यापार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल दास अग्रवाल ने भोपाल में मंडी बोर्ड के एमडी के समक्ष स्पष्ट किया कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों का निराकरण नहीं किया जाएगा, तब तक कृषि मंडियों में हड़ताल जारी रहेगी। एमडी ने आश्वस्त किया की आप की बात सरकार तक पहुंचा कर समस्याओं का निदान करने का प्रयास करवाया जायेगा।

### जिला चिकित्सालय का घेराव कर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**मुरैना, देशबन्धु।** सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने जिला चिकित्सालय में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर रैली निकालते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए घेराव कर जिला चिकित्सा अधिकारी के नाम जिला चिकित्सालय में ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर श्री राठौर ने कहा कि मुरैना जिला चिकित्सालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है और मरीजों को अव्यवस्थाओं का शिकार होना पड़ रहा है। शासकीय अस्पताल में फर्जी सर्टिफिकेट जारी करने का खेल चल रहा है, इसलिए जल्द से जल्द सर्टिफिकेट जारी करने वाली समिति को भंग किया जाए एवं मरीज को होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु निम्नांकित बिंदुओं पर शीघ्र कार्यवाही कर निवारण किया जाए।

# नामांतरण के नाम पर 15 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को लोकायुक्त ने पकड़ा

▸ लोकायुक्त की लगातार कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा पटवारियों का भ्रष्टाचार

**मुरैना, देशबन्धु।** लोकायुक्त टीम ग्वालियर की तमाम कार्रवाई के बावजूद जिले में पटवारियों का भ्रष्टाचार नहीं थम रहा है। लगातार कार्यवाहियों के बावजूद पटवारी के मन में कार्रवाई का कोई डर नहीं है और वह आम जनता का जमकर आर्थिक शोषण कर रहे हैं। सोमवार की सुबह मुरैना जिले में लोकायुक्त की टीम ने एक पटवारी को नामांतरण के नाम पर 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया और कोतवाली में उसके विरुद्ध मामला दर्ज कराया। लोकायुक्त एसपी रामेश्वर यादव ने बताया कि ग्राम गलेथा हवेली का पुरा तहसील जौरा जिला मुरैना निवासी केंद्र सिंह सिकरवार पुत्र धनीराम ने ऑनलाइन नामांतरण अमल करने के लिये पटवारी सुरेश बंजारा हल्का नंबर 93 तहसील जौरा जिला मुरैना से संपर्क किया था। पटवारी सुरेश बंजारा ने इसके एवज में केन्द्र सिंह से 15 हजार की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत की राशि जैसे ही केन्द्र सिंह ने पटवारी को उसी के आवास पर दी, तो योजनानुसार लोकायुक्त ग्वालियर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है।



ज्ञात रहे की मुरैना जिले में पटवारीयों के भ्रष्टाचार की यह कोई नई वारदात नहीं है, इससे पूर्व में भी आधा दर्जन पटवारी लोकायुक्त टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए हैं, लेकिन ठोस कार्यवाही के अभाव में यह बचकर निकल जाते हैं और पुन: अपने पद पर बहाल हो जाते हैं। जिले में पटवारीयों की हालत यह है कि गलतियां स्वयं करते हैं और नुकसान आम जनता को भुगतना पड़ता है तथा छोटी–छोटी कार्रवाइयों के लिए भी 15 से 20 हजार रुपए रिश्वत के फिक्स कर दिए गए हैं।

**एक ओर हड़ताल, दूसरी ओर आमजन की जेब पर डाका:** विदित हो कि मुरैना जिले में इन दिनों पटवारी संघ की हड़ताल चल रही है और वह अपनी मांगों को लेकर पुरानी कलेक्ट्रेट में धरना दे रहे हैं, लेकिन इसी बीच तमाम पटवारी अपने घर से चोरी छुपे काम करते हुए रिश्वत की वारदात कर रहे हैं।

आम जनता से यह पटवारी हड़ताल का बहाना ले रहे हैं और काम नहीं कर रहे, तो वहीं तमाम पटवारी हड़ताल के बावजूद अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। हड़ताल के दौरान भी भ्रष्टाचार अपनी पराकाष्ठा पर है।

**घर से चल रहे दफ्तर, प्राइवेट लोग कर रहे हैं काम:** जिले भर में पदस्थ पटवारी शासकीय एवं आम जनता का काम तो कम, लेकिन अपना प्राइवेट दफ्तर घर से चला रहे हैं। अधिकांश पटवारी के घरों पर सुबह के समय दफ्तर संचालित होते मिलेंगे या फिर शाम को। यहां बाकायदा पटवारी द्वारा प्राइवेट कर्मचारी रखे गए हैं, जो कंप्यूटर के अलावा आम जनता से लेनदेन का काम करते हैं।

### व्यापार मंडल एवं मिलर्स एसोसिएशन ने डिवाइडर पर किया पौधारोपण

**मुरैना, देशबन्धु।** शहर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से व्यापार मंडल एवं मिलर्स एसोसिएशन मुरैना द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को शहर की एमएस रोड स्थित सडक् के बीच स्थित डिवाइडर पर पौधारोपण कर उनकी पूर्ण जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री चौहान भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। व्यापार मंडल के पदाधिकारी सुधीर गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर को सुंदर बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा की दृष्टि से व्यापार मंडल एवं मिलर्स एसोसिएशन ने मिलकर डिवाइडर पर लगभग एक सैकड़ा पौधों को लगाया तथा उनकी सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर सभी व्यापारीगण उपस्थित थे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### सीईओ सिसोनिया ने ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



**हरदा, देशबन्धु।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने सोमवार को जनपद पंचायत खिरकिया के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायको की बैठक लेकर विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ भी मौजूद थे। बैठक में श्री सिसोनिया ने खिरकियां विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

### अपर कलेक्टर ने करताना व छीपानेर में बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक ली

**हरदा, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा ने सोमवार को करताना और छीपानेर सेक्टर के बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत की जा रही कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए कि मृत एवं स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से काटे जाएं तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं।

### शिक्षक दिवस पर आज कृषि मंत्री शिक्षकों को करेंगे सम्मानित

**हरदा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी एल एन प्रजापति ने बताया कि शिक्षक दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री कमल पटेल प्रात: 11 बजे शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।

### आज 5 हजार 651 शिक्षकों का सम्मान करेगा डागा फाउंडेशन

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डागा फाउंडेशन शिक्षक दिवस के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के शिक्षकों का संस्थान में पहुंचकर सम्मान करेगा। डागा फाउंडेशन से मिली जानकारी के अनुसार आज 5 सितंबर मंगलवार को डागा फाउंडेशन द्वारा 5 हजार 651 शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इनमें शासकीय और निजी स्कूलों के शिक्षक शामिल है, वे शिक्षक भी शामिल है जो बैतूल विधानसभा से दूरस्थ अंचलों में जाकर शैक्षणिक कार्य करते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 से शिक्षा के क्षेत्र में डागा फाउंडेशन द्वारा शुरू किया गया यह कार्य आज जिले में एक मिसाल कायम कर रहा है।

# वन अमले की 3 जगह कार्रवाई, सागौन की तस्करी करते पकड़ाए आरोपी

▶ **गश्ती दल ने बैतूल -परतवाड़ा रोड पर मोटर सायकिल का पीछा कर तस्करों को पकड़ा**



**बैतूल, देशबन्धु।** दक्षिण वन मंडल अमले को अलग-अलग जगह की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई के दौरान सागौन तस्करी रोकने में कामयाबी मिली है। कार्रवाई में जहां दो तस्कर धराए है, वहीं दूसरी जगह कार्रवाई में तस्कर साइकिल पर बंधी सागौन की चरपट को छोड़कर भाग निकले।

वनमंडलाधिकारी दक्षिण (सा.) वनमंडल से मिली जानकारी के अनुसार सावलमेंढा वन परिक्षेत्र (सा.) के अंतर्गत 2 सितंबर को रात्रि 10:30 बजे के लगभग गश्ती दल द्वारा बैतूल परतवाड़ा रोड पर मोटर सायकिल का पीछा करते हुए जलवाड़ी ढाबा के पास रामफल व मानिक एवं प्रेमलाल व घनसा उईके सा. रामघाटी को अवैध सागौन की तस्करी करते पकड़ा। अपराधियों से मौके पर सागौन चौखट 2 नग 0.027 घ.मी. मोटर सायकिल सहित जप्त की गई। वनोपज की अनुमानित कीमत 2622 रुपए आंकी गई। अपराधी के विरूद्ध वन अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वहीं 3 सितंबर को सुबह 5:15 बजे खोमई सोपाला जोड़ पर गश्ती करते वन अमले को देखकर सायकिल पर बंधी चरपट को छोड़कर अपराधी भाग गये। मौके पर सागौन चरपट 2 नग 0.052 घ.मी. सायकिल सहित जप्त की गई। वनोपज की अनुमानित कीमत 2028 रुपए आंकी गई। अज्ञात अपराधी के विरुद्ध वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। 4 सितंबर रविवार सोमवार की रात्रि 2:30 बजे वाहम्णवाड़ा रोड पर घाना छोटा मार्ग पर गश्ती दल को देखकर अपराधी अवैध सागौन चरपट को छोड़कर भाग गये। मौके पर सागौन चरपट 11 नग 0.247 घ.मी. जप्त की गई। वनोपज की अनुमानित कीमत 13 हजार 770 आंकी गई। अज्ञात अपराधी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध एवं मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में सावलमेंढा परिक्षेत्र का वन अमला राजाराम खाड़े वनपाल, विरेन्द्र सोलंकी वनरक्षक, सुरेश कुमार ईवने वनरक्षक, आनंद मालवीय वनरक्षक, प्रवीण गुप्ता वनरक्षक, सुंदरलाल उईके वाहन चालक, ओमकार उईके वाहन चालक एवं रमेश चिल्हाटे व झोलिया पांसे सुरक्षा श्रमिक सम्मिलित रहे। गौरतलब है कि दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल अन्तर्गत मुख्य मार्गों, संवेदनशील वन क्षेत्रों में अवैध कटाई को नियंत्रित करने के लिए मुख्य वन संरक्षक बैतूल पी.जी. फुलझेले (भा.व.से.) के मार्गदर्शन में वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता एवं वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल (सा.) विजयानन्तम टी.आर. (भा.व.से.) के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अस्थाई बेरियर बनाने, वनमंडल स्तरीय उड़नदस्ता एवं वन अमले द्वारा निरंतर रात्रि गश्ती की जा रही है।

# गंज और बडोरा क्षेत्र में आवारा तत्वों पर अंकुश लगाने की मांग



▶ **स्थाई रूप से पुलिसकर्मी नियुक्त करने भीमसेना ने सौंपा ज्ञापन**

**बैतूल, देशबन्धु।** गंज और बडोरा क्षेत्र में घनी आबादी होने के बावजूद पुलिस चौकी का इंतजाम नहीं होने के चलते इन क्षेत्रों में आवारा तत्वों का जमावड़ा हो रहा है। इस मामले में भीमसेना संगठन ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक के नाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन सौंपकर इन क्षेत्रों में स्थाई रूप से पुलिस कर्मियों की नियुक्ति करने की मांग की है। भीमसेना संगठन के सोनू मासोदकर ने बताया कि गंज क्षेत्र में पुलिस चौकी नहीं होने और गंज थाना एक साइड हो जाने के चलते असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। वहीं बडोरा क्षेत्र में भी पुलिस चौकी नहीं होने के चलते इस क्षेत्र में भी शाम होते ही यहां वहां आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में बडोरा में कभी भी कोई भी बड़ी अपराधिक घटना घटित हो सकती है। व्यापारी लोकेश हारोडे ने कहा कि हम सभी भीमसेना की इस पहल का समर्थन करते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में राजू ढाबले, अजय साहू, भीमसैनिक अलीमुद्दीन, नाजिद खान, सावन गुजरे, राजेश मालवी अंकित कापसे, जितेंद्र लोखंडे, विन्देश मासोदकर, सौरभ मासोदकर, रवि गुजरे, अभय पांडे, मयंक निरापुरे, जितेंद्र लोखंडे, अंशुल मिश्रा आदि शामिल रहे।

# पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण



**भैंसदेही, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और फारेस्ट विभाग का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जनपद पंचायत के सभाकक्षा में संपन्न हुआ, जिसमें भैसदेही अनुभाग के अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना, पुलिस चौकी, फारेस्ट विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। भैंसदेही एसडीओपी भूपेन्द्र सिंह मौर्य ने बताया कि प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभा चुनाव के दौरान क्या-क्या व्यवस्थाएं बनानी है। अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उनके खिलाफ कैसे कार्रवाही करे। किस तरह से पोलिंग बूथो पर शांति व्यवस्था बनाये रखना है और चुनाव संपन्न कराया है, इन बातों की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब रहे कि आगामी समय विधानसभा चुनाव होने है। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस विभाग निभाता है। ऐसे में पुलिस के साथ ही फारेस्ट विभाग के कर्मचारियों को भी इसकी प्रशिक्षण दिया गया। एसडीओपी श्री मौर्य ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भैंसदेही, झल्लार, आठनेर, भीमपुर, मोहदा सहित समस्त स्टॉप को प्रशिक्षण दिया है। आगामी समय भी शासन से जैसे निर्देश मिलते है, प्रशिक्षण एवं बैठके आयोजित की जायेगी।

# किसान संघ ने बिजली कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन



**सारनी, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ के बेनर तले सोमवार को बिजली विभाग कार्यालय घोड़ाडोंगरी में किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों की मांग है कि पुराने शेड्यूल के अनुरूप बिजली दी जाए लेकिन बिजली विभाग के माध्यम से पिछले एक माह से शेड्यूल परिवर्तन किए जाने के कारण किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। किसानों ने बिजली कार्यालय के समक्ष तिरपाल बिछाकर अघोषित बिजली कटौती बंद किए जाने एवं पुराने शेड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति किए जाने को लेकर या धरना प्रदर्शन किया। भारती किसान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक मलैया ने बताया कि लगातार अघोषित बिजली कटौती और पुराने शेड्यूल के हिसाब से बिजली न होने के कारण किसानों को खेती का कार्य करने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में बिजली विभाग की हरधर्मिता की वजह से किसानों की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि छुरी सीता कामत इस क्षेत्र को मिलाकर 4185 हेक्टेयर में धान और 3380 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में मक्का की फसल है और यह दोनों फसल यदि समय पर पानी नहीं दिया गया तो सूखने की कगार पर पहुंच गई है। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम घोड़ाडोगरी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष अशोक मालैया ने बताया कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो भारतीय किसान संघ मुख्य मार्ग पर आकर बिजली विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगा। इधर बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली विभाग के मापदंड के अनुरूप घोड़ाडोगरी बिजली घर का क्षेत्रफल 78 किलोमीटर का होने की वजह से ओवरलोड की परेशानी से यह जूझ रहा है इसी की वजह से अघोषित बिजली कटौती हो रही है।

प्रदर्शन में भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष अशोक पटेल मलैया, भारतीय किसान संघ ब्लॉक अध्यक्ष हजारीलाल विश्वकर्मा एवं जिला सह मंत्री ध्रुव मलैया , तहसील उपाध्यक्ष रमेश पटेल सिनोटिया, तहसील मंत्री गोविन्दास खैर्वा, मनहोरी, रामस्वरूप वर्मा, अनिल वर्मा, हंसराज चौरे ,तुलसी राम मलैया, पंजाब मलैया, राजु हिरावाडी रामेश्वर मुन्ना, हिरेसिंह, सुखमन सलाम, बंटी राठौर, रमेश राठौर, सुनील, जितेन्द्र सिनोटिया, दुलीचंद, रमेश खैर्वा, उत्तम मलैया, शुक्कु सिनोटिया, दिनेश पटेल, नरेंद्र मलैया, कमलेश झल्लारे, रामजी यादव सहित बड़ी संख्या में किस कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे।

# कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों की 12 सूत्रीय मांगों को मंजूर कर आदेश जारी करने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उल्लेख किया कि म.प्र. कर्मचारी मंच सरकार के समक्ष समय-समय पर प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत प्रमुख मांगों को ज्ञापन के माध्यम से प्रस्तुत करके निराकरण का अनुरोध करता रहा है, लेकिन सरकार द्वारा लम्बे समय से मांगो को उचित माध्यम से रखने के उपरान्त भी मांगों का निराकरण नहीं किया गया है, जिस कारण छोटे संवर्ग के कर्मचारियों को उनके अधिकार प्राप्त नहीं हो रहे हैं। म.प्र. कर्मचारी मंच पुन: ज्ञापन के माध्यम से छोटे संवर्ग के कर्मचारियों की 12 सूत्रीय प्रमुख मांगों को प्रस्तुत करके अतिशीघ्र मंजूर करने की मांग करता है। कर्मचारी मंच की मांग है कि प्रदेश के स्थाई कर्मियों को न्यायालय आदेशों का लाभ देकर 2016 से एरियर सहित सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए एवं रिक्त पदों पर नियमित किया जाए। प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 2014 से नियमित वेतनमान का लाभ दिया जाए तथा नियमित किया जाए एवं 2007 तथा 2016 के मध्य नियुक्त दैनिक वेतन भोगियों को स्थायीकर्मी के रूप में विनियमित किया जाए। स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों अंशकालीन कर्मचारियों, तन सुरक्षा श्रमिकों को अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जाए। अंशकालीन कर्मचारियों एवं वन सुरक्षा श्रमिकों को कलेक्टर दर का वेतन दिया जाए एवं नियमित किया जाए, सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए। निगम मण्डल के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं आउट सोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जाए तथा आउट सोर्स प्रथा बन्द की जाय। पंचायत चौकीदारों को कलेक्टर दर का वेतन दिया जाय तथा सरकारी कर्मचारी क दर्जा दिया जाए,वर्दी दी जाए। छात्रावास के मुख्य रसोईया सहायक, रसोईयों एवं चौकीदारों का कम किया गया वेतन पुन: पूर्वानुसार कलेक्टर दर का किया जाए तथा नियमित किया जाए, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से नियमित हुए कर्मचारियों को दै.वे.भो. सेवाकाल की वरिष्ठता दी जाए। स्थाईकर्मियों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सरकारी कर्मचारी के समान अवकाश सुविधा का लाभ दिया जाए आदि मांगे शामिल है।

# ग्रामीणों का आरोप, सट्टा पकड़ने की आड़ में पुलिस करती है मारपीट

**भैंसदेही, देशबन्धु।** सावलमेंढा में सटोरियों को पकड़ने की आड़ में मारपीट किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सावलमेंढा, खापा,जूनापानी, चिखली,माथनी ,धायवानी आदि ग्रामो के ग्रामीणों राजा धोटे,गोकुल पंदराम,सुरेलाल कमरे,भीमन टेकाम,आयुष शिवहरे ,प्रमोद उईके,सोमेश जैन,नंदकिशोर शिवहरे,अरविंद राठौर,रूपेश उईके आदि द्वारा बताया गया कि हॉस्पिटल, बैंक,सोसायटी,किराणा, बाजार,बड़े शहरों के मुख्य मार्ग के साथ ही छोटी-छोटी आवश्यकता कि पूर्ति के लिए रोजाना लगभग एक दर्जन गांव के लोगों को रोजाना सावलमेंढा आना पड़ता है। जहां बैठने के लिए बस स्टैंड के पास होटल एवं बाजार में बना टिन शेड ही है। शुक्रवार पुलिस द्वारा बाजार में निर्दोश लोगों को दौड़ाकर गाली-गलौच एवं मारपीट करने के साथ ही होटलों में चाय-नाश्ते के लिए बैठे लोगों के साथ भी गालीगलौच कर होटल संचालकों और पान-ठेले वालो को भी धमकाया गया।

कुछ दिन पूर्व भी पुलिस द्वारा इसी प्रकार की कार्रवाई की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस के संरक्षण में पूरे थाना क्षेत्र में सट्टा संचालित है लेकिन पुलिस सिर्फ सावलमेंढा में ही निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है। पुलिस द्वारा दो व्यक्तियों को बस स्टैंड पर मारपीट कर सट्टे के मामले में पकड़कर ले जाया गया था जिसमें से एक को छोड़ दिया गया जबकि दूसरे पर 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम में थाना प्रभारी अंजना धुर्वे स्वयं मौके पर मौजूद थी। पुलिस के व्यवहार से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही पूरे घटनाक्रम को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### कॉलोनी निवासी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में की शिकायत

# ड्रीमलैंड सिटी में कॉलोनाइजर ने नहीं बनाया सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के बैतूल रोड स्थित ड्रीमलैंड सिटी के कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाने की शिकायत कॉलोनीवासियों ने मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, जिला कलेक्टर सहित स्थानीय अधिकारियों को की है। कॉलोनीवासी विजय सावरकर ने सोमवार को जहां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत की। वही मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायत सौंपकर बताया 19.950 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित आवासीय परियोजना ड्रीमलैंड सिटी भगतसिंह वार्ड में कॉलोनाइजर रामदेव बाबा वारको डेवलपर्स यवतमाल द्वारा कॉलोनी में भूखंड विक्रय के दौरान मूलभूत उच्च स्तरीय सुविधाएं देने का प्रचार किया गया था। लेकिन भूखंड खरीददारों को आधिपत्य देने के बाद कॉलोनाइजर द्वारा बताई गई सुविधाओं में से एक सुविधा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रदान नहीं की गई। जिसके कारण आवासीय कॉलोनी में डेंगू मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का सामना रहवासियों को करना पड़ रहा है। शिकायत करने पर सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जिसमें उपखंड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार,नगर पालिका सीएमओ, उपयंत्री द्वारा तथ्यों की भ्रामक जानकारी संयुक्त जांच प्रतिवेदन में दी है। जिसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का जिक्र ही नहीं किया गया है। यह प्रतिवेदन कलेक्टर को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है। आवासीय कॉलोनी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण नहीं करना वर्तमान पर्यावरण प्रभाव प्राधिकरण सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का उलन्घन है। शिकायतकर्ता विजय सावरकर ने शिकायत में बंधक भूखंड का विक्रय कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य कार्यों का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश देने की मांग मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष,कलेक्टर से की है।

### इनका कहना है

शिकायत मिली है नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**आरके इवनाती, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मुलताई।**

*जिला घोषित नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करेंगे अधिवक्ता*

# जिला बनाने की मांग,अधिवक्ता संघ ने निकाली रैली



**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई को जिला बनाने की मांग को लेकर आज अधिवक्ता संघ ने नगर में रैली निकाल कर संपूर्ण नगर में विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने रैली के साथ नगर भ्रमण के दौरान चौक चौराहे पर अपने विचार भी रखें और मध्य प्रदेश शासन पर मुलताई तहसील के साथ पक्षपात का आरोप लगाया और चेतावनी दी है कि अगर मुलताई को जिला नहीं बनाया जाता है तो अधिवक्ता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करेंगे । अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सी एस चंदेल सहीत नगर के सभी वरिष्ठ अधिवक्ता एक जुट हो कर हाथों में मुलताई को जिला बनाओ एवं अधिवक्ता संघ के बैनर लिए न्यायालय परिसर से रैली के शक्ल में मुलताई को जिला बनाओ, अभी नहीं तो कभी नहीं, आश्वासन नहीं जिला चाहिए, जिला नहीं तो वोट नहीं नारे लगाते हुए

नगर भ्रमण पर निकले और बस स्टैंड जय स्तंभ चौक, फवारा चौक, नाका नंबर एक होते हुए संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड जिला बनाओ संघर्ष समिति द्वारा जारी धरना स्थल पहुंचे जहां मुख्य मार्ग पर अधिवक्ताओं ने उपस्थित जनों को संबोधित किया इसके उपरांत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार मुलताई को सौप मुलताई, मसोद, प्रभात पट्टन ,आठनेर, बोरदेही को मिलाकर मुलताई को जिला बनाने की मांग की गई इस ज्ञापन में कहां है कि मूल ताई तहसील को आईएसओ दर्जा प्राप्त है इसके स्थापना को लगभग 120 वर्ष हो चुके हैं। इसके बावजूद क्षेत्र वासियों को 140 से 150 किलोमीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ता है । ज्ञापन में कहां गया है मुलताई को जिला नहीं बनाया जाता है तो हम सभी अधिवक्ता नागरिक सरकार के खिलाफ एक होकर मतदान करेंगे और जन आंदोलन भी किया जाएगा।

**पहले पांढुरना को जिला बनाना मुलताई के साथ धोखा:** अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सी एस चंदेल , समाजसेवी लोकेश गीदकर,टी के चौधरी, अधिवक्ता जीजी घोड़े, सुनील कुशवाहा आदि ने कहा कि आजादी से पहले मुलताई एक जिला रहा है किंतु उसके बाद इस क्षेत्र का अवमूल्य ही होता रहा ,हम तहसील हुए फिर कभी जिला नहीं बन सके जिससे हमारा विकास रुक गया, छोटे-छोटे कार्यों के लिए हमें बैतूल जाना पड़ता है। उद्योग के अवसर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। अब यह अंतिम लड़ाई है जिसको सब लोगों को साथ आकर लड़नी चाहिए क्योंकि अभी नहीं तो कभी नहीं। ज्ञापन सपना वालों में अधिवक्ता विशाल कोडले, प्रवीण माने, अशोक परिहार, राजेश सबले, सरवन नागले, प्रमोद कोसे, विजय रघुवंशी, दिनेश सिमैया लोकेश यादव ,भावेश शिवहरे, हरीष शिवहरे, मीना अतुलकर, चैतराम वानखेडे, प्रकाश पवार ,सुभाष लोखंडे, सुनील बिहारिया आदि प्रमुख है।

## सार समाचार

### मतदाता जागरूकता पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 04 सितम्बर 2023 को मतदाता जागरूकता पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 15 छात्राओं ने विभिन्न टीमों में हिस्सा लिया जिसमें टीम -3 की सुहानी बरकड़े, निशा सल्लाम, तुलसी वर्मा, रजनी भार्गव तथा साक्षी यदुवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । मतदान के महत्त्व को बताते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे ने विजेता छात्राओं को शुभकामनायें दीं उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ बाऊ पटेल, मनोज कुमार प्रजापति, डॉ पदम शर्मा तथा डॉ राकेश निरापुरे उपस्थित रहे ।

### मंडल से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों के चलने की अवधि बढ़ी

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन ने अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से वर्तमान में चल रही, मंडल से गुजरने वाली स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ियों के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है।

निर्णयानुसार गाड़ी संख्या 09343 डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 29 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09344 पटना-डॉ अम्बेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 30 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09011 उधना-मालदा टाउन साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 28 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09012 मालदा टाउन-उधना साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 01 अक्टूबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09033 उधना-बरौनी द्विसाप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 27 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09034 बरौनी-उधना द्विसाप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 29 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09525 ओखा-नाहरलगुन साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 26 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09526 नाहरलगुन-ओखा साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 30 सितंबर 2023 तक अपने निर्धारित दिन, समय-सारणी व कोच कंपोजीशन के साथ चलती रहेगी।

### जिले में 1 जून से अभी तक औसत 840.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में 1 जून 2023 से आज 04 सितम्?बर 2023 को प्रात: 8.30 बजे तक औसत 840.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में औसत 1526.4 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। दिनांक 03 सितम्?बर से 04 सितम्?बर को प्रात: 8.30 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0, इटारसी में 0.0, माखननगर में 0.0, सोहागपुर में 0.0, पिपरिया में 0.0, बनखेड़ी में 3.8, पचमढ़ी में 0.0, एवं तहसील डोलरिया में 0.0 मिलीमीटर वर्षा हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 1 जून से 04 सितम्?बर 2023 को प्रात: 8.30 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 909.1 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 568.0, इटारसी में 599.4, माखननगर में 734.0, सोहागपुर में 857.0, पिपरिया में 1170.2, बनखेड़ी में 909.2, पचमढ़ी में 1249.0 एवं डोलरिया तहसील में 567.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में तहसील नर्मदापुरम में 1398.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 1474.0, इटारसी में 1574.4, माखननगर में 1345.0 सोहागपुर में 1605.2, पिपरिया में 1597.4, बनखेड़ी में 1201.9, पचमढ़ी में 2060.5 एवं तहसील डोलरिया में 1480.0 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

# किसानों की समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए : कलेक्टर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सर्वप्रथम बारिश की कमी के कारण फसलों की सिंचाई एवं बिजली आपूर्ति की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने महाप्रबंधक एमपीईबी को निर्देश दिए कि निर्धारित शेड्यूल अनुसार सिंचाई के लिए किसानों को बिजली की आपूर्ति की जाए। जल संसाधन विभाग भी नहरों से पानी छोड़े जाने की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। पानी व्यर्थ न हो इसका भी विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम , तहसीलदार, कृषि, एमपीईबी एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी निरंतर किसानों से संवाद करते रहें। किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ हर संभव प्रयास किए जाएं। खाद की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा कर कलेक्टर ने खाद का सुचारू रूप से वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों की भी जानकारी ली। बताया गया कि 20 सितंबर से 5 अक्टूबर तक खरीफ फसलों का पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में आबकारी विभाग को अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग एवं राजस्व अधिकारियों को भी अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर मतदाता सूची के फॉर्म 6 , 7 एवं 8 के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए। उन्होंनें कहा कि 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के आवेदनों का भी निराकरण कराएं। 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्यवाही जारी हैं। ऐसे मतदान केंद्र जहां अभी भी युवा मतदाता और महिलाओं की संख्या औसत से कम हैं। वहां प्राथमिकता से ऐसे मतदाताओं के नाम जोड़े जाए।

इटारसी और पिपरिया में विशेष कैंप लगाएं। उन्होंने कहा कि लंबित एपिक कार्ड भी बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को वितरण किया जाएं। कलेक्टर ने विकास यात्रा एवं विकास पर्व के दौरान भूमिपूजन हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कराएं। उन्होंने मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भूमि एलॉटमेंट अधिग्रहण के प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने सड़क निर्माण से सम्बंधित विभागों को सड़क मरम्मत के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2.0 के तहत नवीन पात्राधारी महिलाओं के आधार सीडिंग किए जाने में प्रगति लाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए।

उन्होंने कहा कि योजना में प्राप्त दावे आपत्तियों के आवेदनों का भी निराकरण कराएं। उन्होंने संबल योजना में भी पंजीयन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित शिकायतों का समाधान किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत सहित सभी विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें।

# डंपर ने कार को मारी टक्कर, 1 पुलिसकर्मी की मौत

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** जिले के माखननगर के सामौन गांव में गिट्टी चोरी के कार्य में लिप्त डंपर ने एक कार को टक्कर मार दी। कार में सवार दो पुलिसकर्मी समेत 3 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक पुलिसकर्मी ने दम तोड़ दिया। पुलिसकर्मी माखननगर थाने में पदस्थ था। शासकीय गोपनीय कार्य से प्राइवेट कार से दो पुलिसकर्मी नसीराबाद की ओर जा रहे थे। सामौन गांव के पास डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इसमें आरक्षक जगजीत भाटिया, नरेंद्र भदौरिया और एक अन्य विकेश कीर घायल हो गए।

सूचना मिलते ही माखननगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन समेत पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को अस्पताल माखननगर लेकर आए। चोटें अधिक होने से प्राथमिक उपचार के आधे घंटे बाद एम्बुलेंस से नर्मदापुरम लेकर आए। नर्मदापुरम के निजी अस्पताल में जगजीत सिंह ने दम तोड़ दिया। पुलिसकर्मी की मौत की सूचना से पुलिस परिवार में शोक की लहर छा गई। साथी पुलिसकर्मी और परिजन, दोस्त अस्पताल पहुंचे। जवान के शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। घायल नरेंद्र भदौरिया और विकेश का उपचार जारी है। आरक्षक नरेंद्र भदौरिया का पैर फैक्चर हुआ है।

एसडीओपी मदनमोहन समर ने बताया माखननगर थाने में पदस्थ आरक्षक जगजीत भाटिया, नरेंद्र भदौरिया रविवार रात करीब 9.30 से 10 बजे के बीच गोपनीय कार्य से प्रायवेट स्कोटा कार से नसीराबाद की तरफ जा रहे थे। समोन गांव के पास कार गिट्टी से भरे डंपर में टकरा गई। जिससे कार बैठे जगजीत सिंह, नरेंद्र भदौरिया व विकेश घायल हो गए। तीनों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत नाजुक होने से एम्बुलेंस से नर्मदापुरम की अस्पताल भेजा गया। उपचार के दौरान जगजीत सिंह की मौत हो गई। मर्ग कायम कर लिया है। टक्कर मारने वाले डंपर को जप्त कर लिया है।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गर्ल्स कॉलेज में युवा क्विज प्रतियोगिता



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार स्वीप कैलेंडर के परिपालन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत युवा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से छात्राओं में निर्वाचकीय जागरूकता पैदा करना और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है तथा आज क्विज के माध्यम से मतदान के महत्व को प्रदर्शित किया। नोडल अधिकारी रविन्द्र चौरसिया ने कहा कि सभी मतदाता अपने अधिकार को समझें और उस अधिकार का प्रयोग पूरी जानकारी और जिम्मेदारी के साथ करें। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में एक उपयुक्त और सही उम्मीदवार को वोट देकर मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में शिक्षित करना। डॉ. संजय आर्य ने बताया कि मतदान करने सभी लोग अवश्य जाएं क्योंकि मजबूत लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट कीमती है। इस अवसर में डॉ. हरप्रीत रंधावा, मंजरी अवस्थी, स्नेहांशु सिंह, डॉ. मुकेश विष्ट, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. शिरीष परसाई, श्रीमती पूनम साहू. डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. श्रद्धा जैन, तरुणा तिवारी, हेमंत गोहिया, प्रिया कलोसिया, शोभा मीना, क्षमा वर्मा, करिश्मा कश्यप सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## मंडल से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों के चलने की अवधि बढ़ी

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन ने अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से वर्तमान में चल रही, मंडल से गुजरने वाली स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ियों के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है।

निर्णयानुसार गाड़ी संख्या 09343 डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 29 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09344 पटना-डॉ अम्बेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 30 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09011 उधना-मालदा टाउन साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 28 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09012 मालदा टाउन-उधना साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 01 अक्टूबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09033 उधना-बरौनी द्विसाप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 27 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09034 बरौनी-उधना द्विसाप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 29 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09525 ओखा-नाहरलगुन साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 26 सितंबर 2023 तक, गाड़ी संख्या 09526 नाहरलगुन-ओखा साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 30 सितंबर 2023 तक अपने निर्धारित दिन, समय-सारणी व कोच कंपोजीशन के साथ चलती रहेगी।

## स्कूली बच्चों को विधिक जागरुकता शिविर में दी महत्वपूर्ण जानकारी




इटारसी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के कुशल मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी द्वारा टीआरएम स्कूल, तवा कॉलोनी में आज प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश हर्ष भदौरिया द्वारा बच्चों को विभिन्न कानूनों की जानकारी देने के लिए विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से उन्होंने बच्चों को संविधान के अंतर्गत आने वाले शिक्षा का अधिकार व समानता जैसे विषयों पर जागरूक किया। मोबाइल फोन के इस्तेमाल से साइबर क्राइम के खतरे, पोक्सो के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आयामों पर भी उन्होंने बच्चों से संवाद किया। जीवन में क्या, क्यों, कब, कैसे और कौन जैसे प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए भी उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया।

बच्चों द्वारा भी हैकिंग, गुड व बैड टच जैसे विषयों पर विभिन्न प्रश्न किए गए। बच्चों ने सरकारी सेवा में करियर बनाने संबंधित चर्चा भी न्यायाधीश से की। इस कार्यक्रम में मंच संचालन विद्यालय की कप्तान परी वैष्णव और मेघा कहार ने किया। बच्चे न्याय से संबंधित जानकारी प्राप्त करके बहुत उत्साहित हुए। इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश भाटिया, प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होंगी

# नर्मदापुरम की सारिका घारू को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले के हायरसेकंडरी स्कूल सांडिया में माध्यमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ सारिका घारू को इस साल राष्ट्रपति के कर कमलों से राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त होने जा रहा है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अपरान्ह 4 बजकर 15 मिनट से आरंभ होने जा रहे कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया जायेगा ।सारिका एक शिक्षक के साथ ही विज्ञान प्रसारक के रूप में अपने विद्यालय, ग्राम तथा जिले के साथ ही प्रदेश के अनेक स्थानों पर बच्चों, महिलाओं, जनजातीय वर्ग के बीच जागरूकता गतिविधियां करती आ रही हैं। अपने गीतों के माध्यम से अनेक समसामयिक वैज्ञानिक संदेशों को रोचक तरीके से पहुंचाने के लिये सारिका ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अवसर पर सारिका ने कहा कि सार्वजनिक सम्मान किसी भी व्यक्ति को समाज में बेहतर योगदान के लिये प्रेरित करता है। इससे ऊर्जा मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह परिश्रम को श्रेष्ठता के रूप में स्थान देता है। निश्चित ही यह राष्ट्रीय सम्मान मुझे बच्चों और आम लोगों के लिये नवाचार एवं समर्पण को बढ़ाने में मदद करेगा। मेरी इस सफलता से जुड़े सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, परिवारजनों, मेरी विज्ञान की बात हजारों बच्चों तक पहुंचाने वाले मीडियापर्सन का आभार।

इसके पहले सारिका को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बच्चों के बीच विज्ञान लोकप्रियकरण में विशेष प्रयासों के लिये 2017 के नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2022 तथा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् भोपाल द्वारा दिया जाने वाला राज्य स्तरीय- मध्यप्रदेश विज्ञान प्रतिभा सम्मान 2015 भी प्राप्त हो चुका है।आम निर्वाचन 2014 से निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप आईकॉन के लिये कार्य कर रही हैं। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जागरूकता गतिविधियों के लिये राज्य स्तरीय ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया था। सारिका को माधवराव सप्रे स्मृति संग्रहालय द्वारा महेश गुप्ता सृजन सम्मान, राज्य महिला आयोग द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान तथा केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता के कार्यो के लिये नागपुर में सम्मानित किया जा चुका है।

## 5 से 13 सितम्बर सुबह 9 बजे से 1 बजे तक विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 11 केव्ही लाईन एवं उपकेन्द्र का मेंटेनेंस 5 सितम्बर से किया जाएगा। प्रबंधक शहर जोन मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि 5 सितम्बर को सब स्टेशन बालागंज में फूटा कुआ, राठौर मागग, बालागंज, रविशंकर मार्केट लेड़िया मैदान, 6 सितम्बर को सब स्टेशन मंगलवारा अंतर्गत जुमेराती, कालीमंदिर, राजा मोहल्ला, बीटीआई, भीलपुरा, बसंत टॉकीज, कोरी मोहल्ला, गुरूकुल एवं अन्य संबधित क्षेत्र में, 8 सितम्बर को सब स्टेशन ईदगाह क्षेत्र में ईदगाह, खोजनपुर, कब्रिस्तान, श्रीगुंज गार्डन के पीछे एवं अन्य संबंधित क्षेत्र, 9 सितम्बर को सब स्टेशन आनंद नगर अंतर्गत विक्रम नगर, हनुमान नगर, न्यू हनुमान नगर, राघव नगर, अभिषेक नगर, राधे हाईट , राम नगर, चंदन नगर, गोपाल कुंज, मारूती नगर, आशीर्वाद नगर, आशुतोष नगर, बंजारा टाउन, ग्लोबल ग्रीन आदि क्षेत्र में, 10 सितम्बर को 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अंतर्गत हरदा बायपास, रसूलिया, प्रताप नगर, राम नगर, चंदन नगर, राघव नगर, ईटारसी रोड से लगे क्षेत्र, ग्वालटोली, आदमगढ़, सिंधी कॉलोनी, जुमेराती, बीटीआई, बसंत टॉकीज, रविशंकर मार्केट, राठोर मार्ग, बालागंज, ईदगाह एवं अन्य संबंधित क्षेत्र, 12 सितम्बर को सब स्टेशन हिलव्यूहोम अंतर्गत् साई हेवन, साई ग्रीन सिटी, हिल व्यू होम, साई सिटी, मारूती नगर, डबल फाटक, सीयाराम नगर, रेवा सिटी, ग्लोबल पार्क, ग्लोबल लेक, विनायक रेसिडेंसी, रेवा ब्लू, साई दर्शन, सांई किरण, फेफरताल आदि क्षेत्र एवं 13 सितम्बर को सब स्टेशन रसूलिया अंतर्गत विक्रम नगर, सरस्ती नगर, कंचन नगर, प्रताप नगर, फौजदार कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी, संजय नगर, महिमा नगर, वर्मा कॉलोनी आदि क्षेत्र में विद्युत प्रवाह प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्रं./लोक कर्म/न.नि./2023/43 सागर दिनांक 04.09.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 303701_1 04-09-2023 | पुख्याउ वार्ड में पुलिस लाईन स्थित गणेश जी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 4,48,000.00 | 2,000.00 4,480.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 2 | 2023_UAD_ 303702_1 04-09-2023 | बाघराज वार्ड में शासकीय प्राथमिक शाला कनेरादेव कच्चे रोड पर डब्ल्यू. एम.एम. रोड निर्माणकार्य (निगम निधि) | 03 माह 3,70,000.00 | 2,000.00 3,700.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 3 | 2023_UAD_ 303703_1 04-09-2023 | शुक्रवारी वार्ड में पुरानी पानी की टंकी के स्थान पर बाउन्ड्रीवाल एवं पास में आर. सी.सी. नाली, सी.सी. रोड एवं वाल्व चैम्बर का निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 7,02,139.00 | 2,000.00 7,022.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 4 | 2023_UAD_ 303706_1 04-09-2023 | शिवाजी नगर वार्ड राजू गर्ग के मकान से इन्द्रभान पाण्डेय के मकान तक रिमझिरिया में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 2,04,905.00 | 2,000.00 2,050.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 5 | 2023_UAD_ 303707_1 04-09-2023 | बिट्ठल नगर वार्ड में विभिन्न गलियों में सड़क निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 7,91,000.00 | 2,000.00 7,910.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 6 | 2023_UAD_ 303708_1 04-09-2023 | संतकबीर वार्ड में कक्ष निर्माण कार्य निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 4,48,903.00 | 2,000.00 4,490.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 7 | 2023_UAD_ 303709_1 04-09-2023 | सिविल लाईन वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी. सी. रोड़ आर.सी.सी. नाली एवं हाफ राउंड नाली निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 7,89,203.00 | 2,000.00 7,893.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 8 | 2023_UAD_ 303710_1 04-09-2023 | शास्त्री वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 7,50,548.00 | 2,000.00 7,506.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 9 | 2023_UAD_ 303711_1 04-09-2023 | इन्द्रानगर वार्ड में संजय मिश्रा जी के घर के पीछे आर.सी.सी. नाली एवं रोड निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 16,05,720.00 | 2,000.00 12,043.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 10 | 2023_UAD_ 303730_1 04-09-2023 | संतरविदास वार्ड में सामुदायिक स्वच्छता परिसर सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 40,30,456.00 | 5,000.00 30,228.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 11 | 2023_UAD_ 303731_1 04-09-2023 | बिट्ठल नगर वार्ड में शारदा माता से पुलिया तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (निगम निधि) | 04 माह 49,96,500.00 | 5,000.00 37,474.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 12 | 2023_UAD_ 303732_1 04-09-2023 | शुक्रवारी वार्ड में दर्जियाना मस्जिद के पीछे नाली निर्माण कार्य (निगम निधि) | 02 माह 1,06,631.00 | 1,000.00 2,133.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 13 | 2023_UAD_ 303734_1 04-09-2023 | लक्ष्मीपुरा वार्ड सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पहाड़ी पर नाली निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 1,45,306.00 | 1,000.00 2,906.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 14 | 2023_UAD_ 303736_1 04-09-2023 | कटरा वार्ड में नया बाजार में नाली निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 1,40,144.00 | 1,000.00 2,803.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 15 | 2023_UAD_ 303738_1 04-09-2023 | वृंदावन वार्ड में आदर्श कालोनी में श्री मंजू दीक्षित जी से लक्ष्मी स्टेशनरी वालों तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य (निगम निधि) | 02 माह 1,77,157.00 | 1,000.00 3,543.00 | 25.09.2023 शाम 05.30 तक |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**कृते- आयुक्त नगर पालिक निगम सागर**

# प्रदेश में अगले तीन दिन ऐसा रहेगा मौसम

**इटारसी, देशबन्धु।** वर्तमान में उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है और ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुकते हुए समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव में, अगले चौबीस घंटे के दौरान उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दाब का क्षेत्र सक्रिय होने की संभावना बनी हुई है। मानसून ट्रफ का पश्चिमी छोर हिमालय की तलहटी में स्थित है और पूर्वी छोर मध्य समुद्र ताल के स्तर पर गोरखपुर, पटना, हजारी बाग, दीघा से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी तक विस्तृत है। इन प्रणालियों के प्रभाव से 5 से 7 सितंबर के दौरान मध्यप्रदेश के जिलों में अच्छी बारिश की संभावना है।

### 5 सितंबर को वर्षा की स्थिति

उमरिया, कटरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, सतना, नरसिंहपुर, अशोक नगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, नर्मदा पुरम, बैतूल, हरदा तथा बुरहानपुर जिले में अल्पकालीन झंझावात और गरज चमक के साथ वज्रपात की संभावना है। रीवा, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, शहडोल, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पन्ना, दमोह, सागर तथा छतरपुर जिले में कहीं-कहीं मध्यम से भारी वर्षा (50 से 80 मिमी) होने की संभावना है। डिंडोरी तथा बालाघाट जिले में कहीं-कहीं भारी से अति भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### 6 सितंबर को स्थिति

सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, निवाड़ी, टीकमगढ़, गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, दतिया, विदिशा, भोपाल, राजगढ़, खरगोन, बड़वानी, धार, इंदौर, देवास, शाजापुर तथा आगर जिले में अल्पकालील झंझावात एवं गरज चमक के साथ वज्रपात की संभावना है। सतना, रीवा, शहडोल, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, रायसेन, सीहोर, बैतूल, तथा खंडवा जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना है। इसी तरह बालाघाट, नर्मदा पुरम, हरदा तथा बुरहानपुर जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा और गरज चमक की संभावना है।

### 7 सितंबर को वर्षा

सतना, रीवा, सीधी, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पन्ना तथा दमोह जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा, विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, बैतूल, हरदा, खंडवा, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, इंदौर, शाजापुर तथा आगर जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा और गरज चमक एवं नर्मदा पुरम, खरगोन, देवास और बुरहानपुर जिले में कहीं-कहीं भारी से अति भारी वर्षा और गरज चमक की संभावना है।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित, कमलनाथ बोले-

# कांग्रेस की असली ताकत कार्यकर्ता

## मतदाता सूची पर ध्यान दें, गलत नाम हटवाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं, कांग्रेस इन्ही कार्यकर्ताओं की बदौलत जिंदा है। उन्होंने इस बात को गर्वांवित अंदाज में कहा कि आप कार्यकर्ता संगठन की नींव हैं और मध्यप्रदेश कांग्रेस का संगठन देश का सबसे मजबूत संगठन है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की नींव ब्लाक कांग्रेस, मण्डलम, सेक्टर के सदस्य हैं और ब्लाक मण्डल सेक्टर के कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत है। आप सब ही हमारा सुरक्षा कवच हैं। वह आज रविन्द्र भवन में आयोजित ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों के सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनावी कार्य समझाएं बताया कि अगले 3 महीने में मण्डल सेक्टर की बैठक कर उनको प्रशिक्षित करना आपका प्रमुख काम है। संगठन का यूनिट मंडल सेक्टर है। क्योंकि मण्डल अध्यक्ष का सीधा सम्पर्क गांव के लोगो से होता है। श्री कमलनाथ ने कहा कि हमने पूरे प्रदेश में बीएलए बनाए हैं, बीएलए जो वोटर लिस्ट को लेकर कार्य कर रहे हैं। भाजपा वोटर लिस्ट की राजनीति कर रही है, आप वोटर लिस्ट पर ध्यान दीजिए, कौन से नाम गलत जुड़े हैं उनको हटवायें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा समय था जब भाजपा के पास बूथ में बैठने के लिए एजेंट नहीं हुआ करता था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया के पर सक्रिय रहने की सलाह भी कार्यकर्ताओं को दी। साथ ही आगामी 7 तारीख को भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित करने की सलाह भी उन्होंने कार्यकर्ताओं को दी।

### आरोप पत्र घर-घर पहुंचाएं : सुरजेवाला

अभा कांग्रेस के महासचिव और मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मतदान केन्द्रों पर जाकर मजबूती से काम करने की आवश्यकता जताई है। वहीं उन्होंने कहा कि जो आरोप पत्र हाल में कांग्रेस ने जारी किया था, जिसमें भाजपा सरकार के 250 घोटालों का जिक्र है, उसको घर-घर पहुंचाएं और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करें। कमलनाथ द्वारा की गई घोषणाएं, कांग्रेस सरकार आने पर सौ रुपए में सौ यूनिट मुफ्त, 2 सौ यूनिट पर आधा बिल, 15सौ रुपए महिलाओं को, पुरानी पेंशन बहाली, 5 सौ रुपए में गैस सिलेण्डर, किसान कर्जमाफी, किसानों को लिए 5 बड़ी घोषणाएं, जिसमें उनके पंपों के बिजली बिल माफ जैसी तमाम घोषणाएं जो कांग्रेस सरकार आने पर दी जाएगी, का प्रचार घर-घर तक पहुंचाएं।

नीमच में जनआशीर्वाद यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, राजनाथ बोले

# राजनीति के धोनी हैं शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने संवेदनशील मुख्यमंत्री के रूप में जनता का सेवक बनकर कार्य किया है। उनकी जनसेवा के कारण प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह बात केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह आज नीमच में जन आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उमड़े जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने व अन्य नेताओं को जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री के कार्यो की तारीफ करते हुए कहा शिवराज सिंह चौहान राजनीति के धोनी हैं। वे वर्षो से जनता की सेवा कर रहे हैं। जनता से उनका अपनापन है। वे गरीबों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया है।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2001-02 में मध्यप्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 71 हजार 594 करोड़ था, जो आज 2023 में 13 लाख 22 हजार करोड़ से अधिक हो चुका है। इसी तरह 20 सालों में मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11 हजार 718 से बढ़कर एक लाख 40 हजार अर्थात 10 गुना बढ़ चुकी है। भारत की गरीबी को कम करने में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत की अर्थ-व्यवस्था में मध्यप्रदेश 4.8 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। ऐसे योगदान से ही भारत दुनिया में पांचवीं बड़ी अर्थ-व्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में हम टॉप थ्री में रहेंगे।

उन्होंने कहा कि एक गरीब इंसान के लिए सबसे बड़ी जरूरत अपना घर होता है। प्रदेश में पूर्व सरकार ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में स्वीकृत 8 लाख आवास में से 2 लाख आवास लौटा दिए थे। साथ ही केंद्रीय योजनाओं को अवरुद्ध करने का कार्य किया था। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय वेक्सीन की व्यवस्था कर भारत सहित अन्य सौ से अधिक देशों का कल्याण किया। वे विश्व की धरा पर रहने वाले सभी लोगों को अपना मानते हैं। वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश भारत ने ही दिया है। उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने कहा कि नीमच सहित संपूर्ण मालवा क्षेत्र मध्यप्रदेश का आर्थिक इंजन माना जाता है। जब मालवा का विकास होता है तो मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की धरती है। पास में ही महू है, जहां बाबा साहब का जन्म हुआ था। वे चाहते थे प्रत्येक गरीब, दलित, वंचित, शोषित को सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार मिले।

इस कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद सुधीर गुप्ता प्रदेश शासन के मंत्री जगदीश देवडा, सुश्री उषा ठाकुर, ओमप्रकाश सखलेचा, मोहन यादव, हरदीप सिंह डंग, सांसद सुधीर गुप्ता, जन आशीर्वाद यात्रा संभाग संयोजक बंशीलाल गुर्जर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, सह संयोजक तेजबहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मंदसौर विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, अनिरूद्ध माधव मारू, पूर्व मंत्री व विधायक कैलाश चावला, गुजरात के पूर्व भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वाघानी, पूर्व विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसौदिया, कैलाश चावड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, संभागीय मीडिया सह प्रभारी सचिन सक्सेना सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नीमच बनेगा वर्ल्ड क्लास स्टेशन : वैष्णव

*केन्द्रीय रेल मंत्री व प्रदेश सह चुनाव प्रभारी अश्विनी वैष्णव ने नीमच में यात्रा के शुभारंभ के बाद यात्रा जावद पहुंची, जहां सभा में तब्दील हो गई। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने नीमच को रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अकोदिया, बेरछा, मंदसौर, खंडवा, शाजापुर, श्यामगढ़, विक्रमगढ़ आलोट, मक्सी, नेपानगर सहित प्रदेश के 82 स्टेशनों को भी वर्ल्ड क्लास स्तर का बनाया जाएगा। उन्होंने जनसमूह से भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने का आग्रह किया।*

### मुख्यमंत्री बोले- मैं कमलनाथ थोड़े ही हूं जो कह दूं कि हमारे पास पैसे ही नहीं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में सूखा पड़ा है, लेकिन मैं हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठूंगा, सूखे का संकट आया तो मैं उसके पार भी ले जाऊंगा। उन्होंने तंज कसा और कहा कि मैं कमलनाथ थोड़े ही हूं जो कह दूं कि हमारे पास पैसे ही नहीं हैं।

उन्होंने पूर्व सरकार द्वारा जनता के प्रत्येक कार्य में पैसा न होने की बात की आलोचना की और कहा कि नीमच, मंदसौर सहित प्रत्येक जिले में विकास के कार्य हुए हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने जहां शानदार सड़कों का निर्माण किया, मेडिकल कॉलेज शुरू किए, शहरों का सौंदर्यीकरण किया, वहीं सिंचाई योजनाओं को शुरू किया गया। श्री चौहान ने कहा कि हाल ही में रामपुर मनासा उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास हुआ है। मुख्यमंत्री ने 32 सौ करोड़ की नीमच-जावद सूक्ष्म सिंचाई योजना स्वीकृत करने की घोषणा की। श्री चौहान ने जनता के कल्याण को अपना प्रमुख बताया।

### विधानसभा चुनाव में होगी ऐतिहासिक जीत : शर्मा

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2003 के पहले मध्यप्रदेश को बीमारू प्रदेश के नाम से पुकारा जाता था, इसके बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। जनता के आशीर्वाद से इन 20 साल में भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को विकसित प्रदेश बनाया है, 2023 के विधानसभा चुनाव में भी जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिले, इसके लिए जन आशीर्वाद यात्रा लेकर हम सब आपके बीच में है। यात्रा में उमड़ा जनसैलाब बताता है कि भाजपा को अपना अपार स्नेह और आशीर्वाद प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि भाजपा सरकार की नीतियों, संगठन तंत्र के बल पर व जनता के आशीर्वाद से आगामी विधानसभा चुनाव में हम ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे।*

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा और केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से मिले शुक्ल



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद जे.पी. नड्डा से आज नई दिल्ली में जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शिष्टाचार भेंट की। मंत्री श्री शुक्ल ने पुष्प-गुच्छ एवं शाल से सांसद श्री नड्डा का अभिवादन किया और विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।



**भोपाल, देशबन्धु।** जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने मंत्री बनने के बाद केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री से पहली मुलाकात में निर्माणाधीन रीवा एयरपोर्ट के बारे में चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने निर्माणाधीन एयरपोर्ट के लिये राज्य शासन द्वारा पर्याप्त जमीन अधिग्रहण कर भारतीय विमानन प्राधिकरण को समय पर उपलब्ध करवाने की प्रशंसा की।

## राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस कार्यक्रम भोपाल में 7 को

**भोपाल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस-2023 (इंटरनेशनल-डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्ल्यू स्काईज) पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग के सहयोग से भोपाल में राष्टीय कार्यक्रम किया जा रहा है। अब तक यह कार्यक्रम नई दिल्ली में हुआ था। यह पहली बार है कि इंटरनेशनल-डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्ल्यू स्काईज का राष्टीय कार्यक्रम दिल्ली से बाहर किसी राज्य मध्यप्रदेश के भोपाल में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ 7 सितम्बर को सुबह 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में होगा। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, प्रदेश के पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। टूगेदर फॉर क्लीन एयर कार्यक्रम में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में प्रथम तीन स्थान पाने वाले शहरों को भी पुरूस्कृत किया जायेगा। मध्यप्रदेश ने इसमें विशेष सफलता हासिल की है। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम और भोपाल ने 5वाँ स्थान, जबलपुर ने 13वाँ और ग्वालियर ने 41वाँ स्थान प्राप्त किया है। तीन से 10 लाख तक शहरों की श्रेणी में सागर को देश में 10वाँ और 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास को 6वाँ स्थान मिला है।

प्रदेश के मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने किया स्वागत

# मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में भोपाल पहुंचा केन्द्रीय देल

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय निर्वाचन दल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में सोमवार को भोपाल पहुँचा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पुष्प-गुच्छ के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार एवं उनके दल का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, अनूप चंद्र पाण्डे, महानिदेशक निर्वाचन सुश्री डॉ. नीता वर्मा, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू एवं सचिव निर्वाचन पवन दीवान भी भोपाल आए हैं।

केन्द्रीय निर्वाचन दल 6 सितंबर तक प्रदेश में रहेगा। दल प्रदेश में आगामी चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण चुनाव के लिए कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेगा। साथ ही स्वीप गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेगा। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# बंगाल विधानसभा में राज्यपाल के खिलाफ प्रस्ताव ला सकती है तृणमूल

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में गवर्नर हाउस और राज्य सचिवालय के बीच खींचतान और बढ़ने की आशंका है क्योंकि तृणमूल कांग्रेस राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के कामकाज के खिलाफ विस्तारित मानसून सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को विधानसभा में एक विशेष प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। यह संभावित निर्णय सोमवार सुबह राजभवन द्वारा उन 16 राज्य विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के राज्यपाल के फैसले की घोषणा के बाद आया है, जो पिछले कुछ समय से बिना कार्यात्मक प्रमुख के चल रहे थे। इससे पहले गवर्नर हाउस ने रविवार को एक और अधिसूचना जारी की थी जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकार या राज्य शिक्षा विभाग का कोई भी निर्देश किसी भी राज्य विवि के किसी भी संकाय या गैर-संकाय कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी नहीं है। राज्यपाल की कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए एक विशेष प्रस्ताव लाने का संकेत देते हुए शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लिया जाएगा। बोस के पूर्ववर्ती और वर्तमान भारतीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के दौरान भी, सत्तारूढ़ दल ने उनके खिलाफ इसी तरह का प्रस्ताव पेश किया था। इस बीच, भाजपा के एक विधायक ने कहा कि जब जुलाई में विधानसभा का मानसून सत्र फिर से शुरू हुआ था, तब सत्ता पक्ष ने इसी तरह का संकेत दिया था कि राज्यपाल के खिलाफ प्रस्ताव लाया जा सकता है।

दिग्विजय के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

# एक हजार से कम अंतर की जीत पर दोबारा हो मतों की गिनती



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भर में मतदाता सूची अपडेट की जाए। फर्जी नाम हटाए जाएं, मतदाता सूची कलर प्रिंट में निकाली जाए, मतदाता सूची की स्लिप को मतदाता को दी जाए, मतदान के बाद फार्म सी दिया जाए और जहां पर 1 हजार से कम वोट से कोई प्रत्याशी जीतता है, वहां पर दोबारा गिनती की जानी चाहिए।

यह सुझाव आज राजनैतिक दलों की बैठक में शामिल होने दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचे कांग्रेस के 4 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने दिए। वहीं नाम जोड़ने घटाने की प्रक्रिया चुनाव पूर्व में की जानी चाहिए। चुनाव के दौरान शासकीय खर्चे के हिसाब से चुनावी खर्च की दरें तय करने की बात कही। दरअसल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शिविर लगाया गया है, जिसमें सभी राजनैजिक दलों को बुलाया गया था, जिसमें चुनाव को लेकर इन दलों के नेताओं से सुझाव मांगे गए थे। जिसमें शामिल होने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया, महेन्द्र जोशी, अजय गुप्ता आदि का एक प्रतिनिधि मंडल बैठक में शामिल हुआ। चुनाव आयोग के समक्ष पार्टी की तरफ से श्री सिंह सहित प्रतिनिधि मंडल में शामिल अन्य कांग्रेस नेताओं ने अपना पक्ष रखा। श्री धनोपिया ने इस दौरान कहा कि भाजपा द्वारा 39 प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, शिवराज सिंह चौहान खुद शासकीय खर्चे पर प्रचार कर रहे हैं, उस पर रोक लगाई जानी चाहिए। प्रत्याशी के चुनाव खर्च पर रोक लगाई जाना चाहिए। इन प्रत्याशियों द्वारा की जा रही राशि का खर्च चुनाव खर्च में जोड़ा जाना चाहिए। अधिकारियों को चुनाव प्रचार से दूर रखा जाना चाहिए। इकबाल सिंह बैस जो कि पोषण आहार योजना के अंतर्गत घोटाले में संलिप्त लाए गए हैं कि लोकायुक्त में शिकायत की गई है, उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराए जाना चाहिए।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एडिटर्स गिल्ड के खिलाफ कराई एफआईआर

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। गिल्ड पर राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की कोशिश का आरोप है। इसने एक रिपोर्ट में सरकार की लीडरशिप को पक्षपाती बताया था। बीरेन सिंह ने गिल्ड के तीन सदस्यों पर मामला दर्ज कराया है। इन तीनों के नाम सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर हैं। इस मामले में एडिटर्स गिल्ड की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है।

मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों को चेतावनी देता हूं। अगर आपको सच जानना है तो घटना वाली जगह पर जाएं। सच्चाई को जानिए। सभी समुदाय के लोगों से मिलिए, फिर जो जानकारी मिले उसे पब्लिश करें। चुनिंदा लोगों से ही मिलकर कोई नतीजा देना गलत है।

### गिल्ड ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए थे

एडिटर्स गिल्ड ने 2 सितंबर को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपनी रिपोर्ट शेयर की थी। इसके साथ लिखा था कि यह बात स्पष्ट है कि मणिपुर में हिंसा के समय निष्पक्ष लीडरशिप नहीं हो रही थी। सरकार को इस मामले में किसी एक जाति का पक्ष नहीं लेना चाहिए था। सरकार लोकतांत्रिक रहने में फेल हुई है। एडिटर्स गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में एक फोटो में गलती कर दी। गिल्ड ने चुराचांदपुर जिले में एक जलती हुई इमारत की तस्वीर छापी और दावा किया कि यह कुकी समुदाय का घर है। जबकि यह बिल्डिंग वन विभाग ऑफिस की थी जिसे 3 मई को एक भीड़ ने आग लगा दी थी।

### गिल्ड ने गलत कैप्शन पर मांगी थी माफी

गलत फोटो का मामला सामने आने के बाद एडिटर्स गिल्ड ने रविवार को एक्स पर अपनी गलती को स्वीकार किया। गिल्ड ने आगे लिखा कि हमें फोटो कैप्शन में हुई गलती के लिए खेद है। इसमें सुधार किया जा रहा है। नई मणिपुर रिपोर्ट अपलोड कर दी गई है।

*आतंकवाद ही नहीं आग की घटनाओं से जूझ रहा है कश्मीर*

# 19 माह में 38 की मौत, करोड़ों की संपत्ति का हुआ नुकसान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** यह कश्मीरियों की बदनसीबी ही कही जा सकती है आतंकवाद व जंगली जानवरों के हमलों के अतिरिक्त आग की घटनाएं भी उन्हें परेशान किए हुए हैं जो कश्मीरी में तबाही मचा रही हैं। यह इससे भी साबित होता था कि पिछले 19 माह में, घाटी में आग की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई।

जिसके परिणामस्वरूप 38 लोगों की जान चली गई और 26 लोग घायल हो गए। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के आधिकारिक आंकड़ों से संपत्ति के विनाश की एक चिंताजनक प्रवृत्ति का पता चलता है, जिसमें जनवरी 2022 से जुलाई 2023 तक आश्चर्यजनक रूप से 149,253.81 करोड़ की हानि हुई। जबकि 12,080.88 करोड़ की संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गई। विभाग के साहसी प्रयासों से इस पर काबू पाया जा सका। इस अवधि के दौरान 137,172.93 करोड़ की संपत्ति को बचा लिया गया। इस चुनौतीपूर्ण समय सीमा के दौरान, कश्मीर में अग्निशमन और आपातकालीन विभाग ने कश्मीर में आने वाली कुल 3,780 आग काल और 24 बचाव काल का जवाब दिया। दुर्भाग्य से, उन्हें 35 झूठे अलार्मों से भी जूझना पड़ा। कुछ हद तक उत्साहजनक घटनाक्रम में, जनवरी 2023 से जुलाई 2023 तक का आंकड़ा हताहतों की संख्या में गिरावट का संकेत देता है, जिसमें आग की घटनाओं के कारण केवल एक मौत और 12 घायल होने की सूचना मिली है। इसके विपरीत, जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक, कश्मीर संभाग में आग की घटनाओं में 37 लोगों की जान चली गई और 14 लोग घायल हो गए। संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर असर चिंताजनक है। जनवरी 2022 से जुलाई 2023



### ■ संपत्ति व बुनियादी ढांचे पर असर चिंताजनक

तक कश्मीर संभाग में बड़ी संख्या में वाहन (96) और बिजली ट्रांसफार्मर (221) क्षतिग्रस्त हुए। आंकड़ों से पता चलता है कि, जनवरी 2023 से जुलाई 2023 तक कुल 819 संरचनाएं, 134 दुकानें, 17 शापिंग काम्प्लेक्स और 21 शापिंग लाइनें आग की घटनाओं से प्रभावित हुईं। पिछले वर्ष (जनवरी से दिसंबर 2022) में, ये संख्या चिंताजनक रूप से अधिक थी, जब कश्मीर घाटी में 1699 संरचनाएं, 317 दुकानें और 38 शापिंग काम्प्लेक्स आग का शिकार हो गए थे। घाटी भी पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही है, जनवरी 2022 से जुलाई 2023 तक 73 जंगल की आग और 6 नर्सरी में आग की घटनाएं दर्ज की गईं। इस चिंताजनक प्रवृत्ति के जवाब में, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के एक अधिकारी ने आग की घटनाओं को कम करने के लिए अपने सक्रिय प्रयासों पर प्रकाश डाला। वे जम्मू-कश्मीर के स्कूलों, कॉलेजों, विवि और गांवों में व्यावहारिक प्रदर्शन और जागरूकता शिविर आयोजित कर रहे हैं। इन पहलों का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय निवासियों को आग को प्रभावी ढंग से रोकने और प्रबंधित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना है। एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशक आलोक कुमार के मार्गदर्शन में 2 लाख से अधिक लोगों ने आग की रोकथाम और नियंत्रण पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इन चल रहे जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप, आग की घटनाओं में पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। अधिकारी ने जनता से आपात स्थिति के दौरान तुरंत निकटतम फायर स्टेशन से संपर्क करके अग्निशमन विभाग के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। आग लगने की घटनाओं के दौरान समय पर कार्रवाई से जान बचाने और संपत्ति की रक्षा करने में महत्वपूर्ण अंतर आ सकता है। इसके अलावा, उन्होंने आग के जोखिम को कम करने के लिए दैनिक जीवन में अग्निशमन सेवा दिशा निर्देशों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। चूंकि कश्मीर इन विनाशकारी आग की घटनाओं के प्रभाव से जूझ रहा है, इसके निवासियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और सक्रिय उपाय महत्वपूर्ण बने हुए हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।